रोहतक
मंगलवार 10 मार्च 2026
चैत्र मास कृष्ण पक्ष, सप्तमी वर्ष : 30, अंक : 34
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 36.2
न्यून. 15.2

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



7 चीनी ताइपे के खिलाफ करो या मरो के मुकाबले के लिए तैयार भारत

# जंग का अर्थव्यवस्था पर दिखने लगा असर

*अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच छिड़ी जंग का असर अब भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी दिखने लगा है। सरकार ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की डिलीवरी पर अघोषित रोक लगा दी। वहीं, घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग भी अब 21 की बजाय 25 दिन में होगी। इसके साथ-साथ शेयर बाजार में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। इससे निवेशकों को भारी नुकसान हो रहा है। क्रूड ऑयल यानी कच्चे तेल का भाव 100 डॉलर प्रति बैरल को पार हो गया है। इससे पेट्रोल और डीजल के दामों पर भी संकट खड़ा हो गया है।*

## कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई पर रोक

### 25 दिन में बुक होगा घरेलू सिलेंडर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



तेल कंपनियों ने रसोई गैस के घटते स्टॉक को देखते हुए कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की डिलीवरी पर अघोषित रोक लगा दी है। एजेंसियों को मैसेज करके कॉमर्शियल सिलेंडर के ऑर्डर नहीं लगाने के आदेश दिए हैं। केवल घरेलू उपयोग के सिलेंडर की डिलीवरी पर ही फोकस करने के लिए कहा गया है। कंपनियों ने देर रात ये निर्देश जारी किए। वहीं, केंद्र सरकार ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर की रीफिल बुकिंग के नियमों में भी बदलाव किया है। अब उपभोक्ता एक सिलेंडर डिलीवर होने के बाद दूसरा सिलेंडर 21 दिन के बजाय 25 दिन बाद ही बुक कर सकेंगे। मिडिल ईस्ट टेंशन के बीच सरकार ने यह कदम गैस की जमाखोरी रोकने के लिए उठाया है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, पहले लोग लगभग 55 दिन में एक सिलेंडर बुक करते थे, लेकिन हाल में कुछ लोग 15 दिन के अंदर ही दोबारा बुकिंग करने लगे थे। सरकार का मानना है कि वेटिंग पीरियड को 25 दिन करने से बेवजह की बुकिंग पर लगाम लगेगी। इससे उन लोगों को आसानी से सिलेंडर मिल सकेगा जिन्हें वाकई जरूरत है।

**सरकार ने दो दिन पहले घरेलू गैस सिलेंडर के दाम 60 रुपये बढ़ाए थे**

## सेंसेक्स धड़ाम, 22 लाख करोड़ रुपये डूबे

### निवेशक डरे, महंगाई का खतरा

मुंबई ▶▶| भाषा



स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,353 अंक का गोता लगा गया, जबकि एनएसई निफ्टी 422 अंक लुढ़क गया। निवेशकों के 22 लाख करोड़ रुपये डूब गए। पश्चिम एशिया में गहराते संकट के बीच भारी बिकवाली से बाजार नीचे आया। कारोबारियों के अनुसार, इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर में गिरावट से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट दर्ज की गई और यह 1,352.74 अंक यानी 1.71 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,566.16 अंक पर बंद हुआ। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 422.40 अंक यानी 1.73 प्रतिशत टूटकर 24,028.05 अंक पर बंद हुआ।

**बाजार गिरने की 3 मुख्य वजहें**

- ईरान-इजराइल युद्ध से सप्लाई चेन बिगड़ने का डर।
- कच्चे तेल के दाम बढ़ने से भारत का इंपोर्ट बिल और महंगाई बढ़ेगी।
- अमेरिका और एशियाई बाजारों में गिरावट का असर भारत पर।

**निवेशकों की वेल्थ घटी :** ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच छिड़ी जंग से निवेशकों की वेल्थ 22 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा घट गई है। जंग शुरू होने से पहले यानी 27 फरवरी को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर लिस्टेड सभी कंपनियों का कुल मार्केट कैप 4.63 लाख करोड़ था। लेकिन युद्ध की वजह से बाजार में भारी बिकवाली के कारण 9 मार्च तक यह घटकर 4.41 लाख करोड़ पर आ गया है।

## कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर के पार

### पेट्रोल और डीजल के दामों पर दबाव



क्रूड ऑयल यानी कच्चे तेल का भाव सोमवार 9 मार्च को 100 डॉलर प्रति बैरल को पार कर गया। शुरुआती कारोबार इंटरनेशनल मार्केट में बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड आयल का भाव करीब 25 परसेंट बढ़कर 115.68 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। इसी तरह डब्ल्यूटीआई (वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट) क्रूड का अप्रैल वायदा भाव भी करीब 27 परसेंट उछलकर 115.19 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। साल 2022 के बाद ये पहला मौका है जब इंटरनेशनल मार्केट में क्रूड ऑयल का दाम 100 डॉलर प्रति बैरल के पार गया है। इससे पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं।

**अभी 94.72 रु. दाम**

9 मार्च 2026 को पेट्रोल की कीमत फिलहाल 94.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 87.62 रुपये प्रति लीटर है। जानकारों का कहना है कि अगर युद्ध लंबा खिंचा तो तेल कंपनियों के पास पेट्रोल-डीजल की कीमतो में बढ़ोतरी के सिवा कोई चारा नहीं होगा।

**केंद्र सरकार ने कहा फिलहाल नहीं बढ़ेंगे पेट्रोल-डीजल के दाम**

वैश्विक बाजार में कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने के बावजूद फिलहाल पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि नहीं की जाएगी। सरकारी सूत्रों ने सोमवार को यह बात कही। अधिकारियों ने कहा कि सरकार वैश्विक तेल बाजारों पर नजर रख रही है, लेकिन खुदरा ईंधन की कीमतों में तत्काल वृद्धि की कोई योजना नहीं है। ऐसी संभावना है कि तेल विपणन कंपनियां फिलहाल मौजूदा लागत दबाव को वहन करेंगी।

## इजराइली हमले से लेबनान में रूसी कल्चर सेंटर तबाह

## ट्रंप बोले, मोजतबा खामेनेई मुझे हरगिज मंजूर नहीं



नए लीडर की तैनाती पर जताई कड़ी आपत्ति

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान में अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद उनके बेटे मोजतबा खामेनेई को हाल ही में नया 'सुप्रीम लीडर' नियुक्त किया गया। इस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। इस नियुक्ति के तुरंत बाद ट्रंप ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वह ईरान के इस फैसले से 'खुश नहीं' हैं। ट्रंप ने कहा, 'ईरान द्वारा मोजतबा खामेनेई को नया सर्वोच्च नेता चुने जाने के फैसले से मैं बिल्कुल खुश नहीं हूं।' इससे पहले ट्रंप ने चेतावनी भरे लहजे में कहा था कि ईरान के किसी भी नए नेता का भविष्य अमेरिकी मान्यता पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा था, 'अगर उसे हमसे मंजूरी नहीं मिलती, तो वह ज्यादा समय तक टिकने वाला नहीं है।' ट्रंप इससे पहले मोजतबा को एक 'हल्का' और 'अस्वीकार्य' उम्मीदवार बता चुके हैं। उधर, अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी जंग का सोमवार को दसवां दिन रहा। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ऑस्ट्रेलिया से अपील की है कि वह ईरान की महिला फुटबॉल खिलाड़ियों को शरण दे। ट्रम्प ने कहा कि अगर उन्हें ईरान वापस भेजा गया तो उनकी जान को खतरा हो सकता है और यह एक बड़ी मानवीय गलती होगी। यह मामला ऑस्ट्रेलिया में चल रहे महिला एशियन कप के दौरान सामने आया। दरअसल 28 फरवरी को ईरान पर हमले के बाद महिला टीम ने राष्ट्रगान नहीं गाया था, जिसे सरकार के खिलाफ विरोध के रूप में देखा गया। इसके बाद ईरानी मीडिया में खिलाड़ियों को 'देशद्रोही' बताया गया और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई।

### नबातियेह इलाके में की एयरस्ट्राइक

दक्षिणी लेबनान के नबातियेह में इजराइल के हवाई हमले में रूसी कल्चर सेंटर पूरी तरह तबाह हो गया। शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक हमले में किसी के घायल होने या मौत की खबर नहीं है। बताया गया कि इजराइल ने नबातियेह इलाके में एयरस्ट्राइक किए, जिनमें कल्चर सेंटर की इमारत नष्ट हो गई। रूस की सरकारी एजेंसी रोससोट्रूडनिचेस्त्वो के प्रमुख येवगेनी प्रिमाकोव ने कहा है कि इस घटना को लेकर जल्द आधिकारिक बयान जारी किया जाएगा।

## गुरुग्राम में निर्माणाधीन प्रोजेक्ट की दीवार गिरी सात मजदूरों की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल

**गुरुग्राम (हरिभूमि न्यूज)।** ग्लोबल सिग्नेचर सोसाइटी में सोमवार रात निर्माणाधीन प्रोजेक्ट की दीवार गिरने से 7 मजदूरों की मौत हो गई। 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही बिलासपुर थाना पुलिस और एसडीआरएफ मौके पर पहुंची। मिट्टी और मलबे में अभी भी लोगों के दबे होने की आशंका है। देर रात तक टीमों ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। घटना के बाद बिल्डर ने सोसाइटी के मेन गेट पर बाउंसर खड़े कर दिए, किसी को भी अंदर नहीं जाने दिया गया। जानकारी के मुताबिक, ग्लोबल सिग्नेचर सोसाइटी में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का काम चल रहा था। रात 8 बजे अचानक बेसमेंट में मिट्टी की दीवार गिर गई। इसमें 10 मजदूर दब गए। घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद दूसरे मजदूरों ने राहत बचाव का कार्य शुरू किया। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

**सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का चल रहा था काम**

## सीएम ने लाभार्थियों को योजनाओं के तहत भेजी 1884 करोड़ की राशि

**26 लाख 12 हजार लाभार्थियों को मिले पैसे**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के लाखों लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के तहत बटन दबाकर एक क्लिक से करीब 1884 करोड़ की राशि डीबीटी के माध्यम से भेजी। नायब सिंह सैनी ने बताया कि सेवा विभाग की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत 842 करोड़ 92 लाख रुपये की राशि सीधे 26 लाख 12 हजार लाभार्थियों के खातों में डाली गई है। इनमें वृद्धावस्था सम्मान भत्ता और दिव्यांगजन भत्ता और अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ-2025 फसलों के लिए किसानों को बीमा क्लेम वितरित किये गए हैं। 1 लाख 67 हजार 460 किसानों के बैंक खातों में 711 करोड़ 69 लाख रुपये की बीमा राशि वितरित की गई है। इसे मिलाकर प्रदेश में पिछले 11 सालों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अब तक 16 हजार 160 करोड़ रुपये की राशि दी गई है।

## राज्यसभा की दो सीटों को लेकर अब चुनाव तय, वोटिंग 16 को

**भाजपा के संजय, कांग्रेस के कर्मवीर व निर्दलीय नांदल के बीच मुकाबला**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा में राज्यसभा की अप्रैल में खाली होने जा रही दो सीटों को लेकर चुनाव होना तय हो गया है। सोमवार को नाम वापसी का दिन था। कई तरह के कयास और चर्चाओं का दौर चल रहा था लेकिन भाजपा के पूर्व सांसद संजय भाटिया और कांग्रेस के कर्मबीर, निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल में से किसी ने भी अपना नामांकन वापस नहीं लिया। हरियाणा में राज्यसभा की दो सीटों का फैसला अब 16 मार्च को वोटिंग के जरिये होगा और उसका परिणाम भी उसी दिन देर शाम तक आएगा। हालांकि 16 मार्च को भी हरियाणा विधानसभा बजट सत्र की कार्यवाही जारी रहेगी।

## हरियाणा कैबिनेट की बैठक 24 मार्च को

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक आगामी 24 मार्च को सुबह 11 बजे हरियाणा सिविल सचिवालय स्थित चौथी मंजिल पर बुलाई गई है। हरियाणा विधानसभा बजट सत्र समाप्त हो जाने के बाद में यह पहली मंत्री समूह की बैठक होगी और इसमें कई जनहित के फैसले लिए जाने की संभावनाएं हैं। इसमें कुछ लोगों को पुन रोजगार के फैसले पर मुहर लगाई जाएगी। अन्य कई राज्य के विकास से संबंधित योजनाओं को गति देने पर मंथन होगा।

## नूंह में तीन बेटियों संग कुएं में कूदी महिला, चारों की मौत

**कुएं में छलांग लगाने से पहले बच्ची पीठ से बांधी**



- पति के साथ चल रहा था विवाद बच्चियों के साथ रह रही थी अकेली

**नूंह (हरिभूमि न्यज)।** एक महिला अपनी तीन बेटियों के साथ 70 फीट गहरे कुएं में कूद गई। छलांग लगाने से पहले 6 महीने की बेटी चुन्नी के साथ पीठ से बांध लिया था। 7 साल और 4 साल की बेटी के शव पहले निकाल लिए गए। जबकि महिला व 6 माह की बच्ची के शव कई घंटे की सर्च के बाद सोमवार को मिले। ग्रामीणों ने बताया कि महिला का पति के साथ विवाद था और वह बच्चियों के साथ अकेली रह रही थी। रविवार को पति के साथ फिर झगड़ा हुआ। रोजा इफ्तारी के बाद महिला ने यह कदम उठाया। कुछ देर बाद इसका पता चला। जिसके बाद सर्च ऑपरेशन शुरू हुआ। 7 व 4 साल की बच्चियों के शव पहले बरामद हो गए। महिला व छह माह की बच्ची के शव सोमवार दोपहर को निकाले जा सके। महिला ने ऐसा कदम क्यों उठाया, अभी इसका स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है।

## केजरी-सिसादिया समेत 23 आरोपियों को नोटिस

**शराब केस**
**सीबीआई अफसर के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर रोक**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को दिल्ली शराब नीति केस में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व डिप्टी मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत 23 आरोपियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की सीबीआई अधिकारियों के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर रोक लगा दी। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने यह भी निर्देश दिया कि संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग (पीएमएलए) मामले में ट्रायल कोर्ट आगे की सुनवाई तब तक टाल दे, जब तक हाईकोर्ट इस मामले पर आगे सुनवाई न कर ले। ट्रायल कोर्ट ने 27 फरवरी को इस मामले में सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया था। इसी आदेश को सीबीआई ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। सीबीआई ने अपनी 974 पेज की याचिका में कहा है कि ट्रायल कोर्ट ने चार्ज फ्रेमिंग के चरण में ही मिनी-ट्रायल जैसा व्यवहार किया।

**टीकाकरण** लड़कियों के साथ लड़कों के लिए भी खतरा, 99 % सर्वाइकल कैंसर का कारण

## पुरुषों के लिए भी जरूरी है एचपीवी वैक्सीन, वायरस से हो सकता है गले और मुंह सहित कई तरह का कैंसर

**लड़के इस वायरस के बन सकते हैं साइलेंट कैरियर**

सेंट्रल डेस्क ▶▶| नई दिल्ली

देश में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीन शुरू की जा चुकी है और 14 वर्ष की सभी लड़कियों को मुफ्त टीकाकरण के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि लड़कों को भी यह टीका लगाना उतना ही जरूरी है। लड़के इस वायरस के मौन वाहक (साइलेंट कैरियर) बन सकते हैं। वे खुद भी असुरक्षित रहते हैं और वे अनजाने में अपने साथ-साथ अपने पार्टनर के लिए भी खतरा बन सकते हैं। हालांकि यह वायरस लगभग 99 प्रतिशत सर्वाइकल कैंसर का कारण बनता है, लेकिन इसके अलावा यह जननांग मस्से, पेनाइल कैंसर, एनल कैंसर और ओरोफैरिंजियल कैंसर (गले और मुंह का कैंसर) के भी कई मामलों के लिए जिम्मेदार है। इसी कारण 2026 की शुरुआत तक दुनिया के 50 से अधिक देशों ने ऐसे राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम शुरू किए हैं जिनमें लड़के और लड़कियां दोनों शामिल हैं। इन देशों में ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और जर्मनी शामिल हैं।

**लड़के कितने संवेदनशील हैं?**

एचपीवी के बारे में सबसे बड़ा भ्रम यह है कि जिन लोगों के पास गर्भाशय ग्रीवा (सर्विक्स) नहीं है, वे सुरक्षित हैं। लेकिन वैज्ञानिक रूप से यह सही नहीं है। सितंबर 2023 में 'द लैंसेट ग्लोबल हेल्थ' में प्रकाशित एक अध्ययन में दुनिया भर के 30,000 से अधिक पुरुषों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया। इसमें पाया गया कि 15 वर्ष से अधिक उम्र के हर तीन में से कम से कम एक पुरुष किसी न किसी प्रकार के जननांग एचपीवी से संक्रमित है।

**सामूहिक प्रतिरक्षा का विज्ञान**

यदि केवल लड़कियों का टीकाकरण किया जाए, तो वायरस पुरुषों में फैलता रहता है। इससे संक्रमण की श्रृंखला पूरी तरह नहीं टूटती और वे महिलाएं जो टीका नहीं लगवा पातीं या जिनकी प्रतिरक्षा कमजोर होती है, वे अधिक जोखिम में रहती हैं। लेकिन जब लड़कों का भी टीकाकरण किया जाता है, तो संक्रमण की यह श्रृंखला टूट जाती है। वायरस को फैलने के लिए कम होस्ट मिलते हैं और परिणामस्वरूप महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के मामलों में तेजी से कमी आती है।

**पुरुष साइलेंट कैरियर कैसे बन जाते हैं?**

महिलाओं के लिए सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम अक्सर दर्दनाक जांच, चिंताजनक स्क्रीनिंग और पॉजिटिव रिपोर्ट से जुड़ी सामाजिक कलंक की भावना से गुजरती है। इसके विपरीत पुरुषों में अक्सर इस वायरस के बारे में पूरी तरह अनभिज्ञता होती है। जब कोई पुरुष एचपीवी वैक्सीन लगवाता है, तो वह केवल खुद को ही नहीं बल्कि अपने साथी के स्वास्थ्य की भी जिम्मेदारी लेता है।



## खबर संक्षेप

### सदन ने स्क्वाड्रन लीडर अनुज वशिष्ठ के निधन पर शोक जताया

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान सदन में शोक प्रस्ताव पढ़ते हुए स्क्वाड्रन लीडर अनुज वशिष्ठ तथा जिला जींद के सफीदों में हुए दर्दनाक हादसे में जान गंवाने वाली 7 महिलाओं के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने शोक-संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट की।मुख्यमंत्री ने कहा कि स्क्वाड्रन लीडर अनुज वशिष्ठ ने देश की सेवा में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए अदम्य साहस और समर्पण का परिचय दिया। उनका असामयिक निधन पूरे देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा में योगदान देने वाले वीर सैनिकों का त्याग और बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

### बजट सत्र में दो विधेयक पारित

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा में बजट सत्र के दौरान आज दो विधेयक चर्चा उपरांत पारित किए गए। पारित किए गए विधेयकों में हरियाणा विस्तार प्राध्यापक तथा अतिथि प्राध्यापक (सेवा की सुनिश्चितता) संशोधन विधेयक, 2026 तथा हरियाणा ट्रैवल एजेंटों का पंजीकरण और विनियमन (संशोधन) विधेयक,2026 शामिल हैं। हरियाणा विस्तार प्राध्यापक तथा अतिथि प्राध्यापक (सेवा की सुनिश्चितता) अधिनियम, 2024 को संशोधित करने के लिए हरियाणा विस्तार प्राध्यापक तथा अतिथि प्राध्यापक (सेवा की सुनिश्चितता) संशोधन विधेयक, 2026 पारित किया गया।

### एसटीएफ ने 145 बदमाश गिरफ्तार किए

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने वर्ष 2026 के शुरुआती दो महीनों में संगठित अपराध के विरुद्ध बड़ी सफलता हासिल करते हुए राज्य में सक्रिय आपराधिक गिरोहों पर प्रभावी शिकंजा कसा है। जनवरी और फरवरी 2026 के दौरान एसटीएफ हरियाणा ने कुल 145 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनमें 71 गैंग सदस्य और 22 इनामी अपराधी शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों में कई कुख्यात गिरोहों से जुड़े अपराधी शामिल हैं।

### जजपा ने संगठन का विस्तार किया

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी ने अपने संगठन में विस्तार करते हुए कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की है। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा, राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेंद्र लितानी, युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने विचार-विमर्श करके जेजेपी की युवा प्रदेश कार्यकारिणी में 116 वरिष्ठ पदाधिकारियों की नियुक्तियों की सूची जारी की। दिग्विजय चौटाला ने यह जानकारी दी।

# आयुष्मान-चिरायु पर विधानसभा में हंगामा, कांग्रेस ने किया वॉकआउट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

सोमवार को विधानसभा सत्र हंगामेदार रहा। कई मुद्दों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में जमकर बहस हुई। आयुष्मान भारत और चिरायु हरियाणा योजना के तहत निजी अस्पतालों में गरीबों के लोगों के उपचार को लेकर हंगामा हुआ। ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ कांग्रेस विधायकों अशोक अरोड़ा, बीबी बत्रा और गीता भुक्कल ने योजना के तहत गरीबों का इलाज नहीं होने का दावा किया तो मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आंकड़ों के साथ आरोपों को नकार दिया। इसके बाद आरोप-प्रत्यारोपों के बीच जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस विधायकों ने सदन से वाकआउट कर दिया। इस पर मुख्यमंत्री ने तंज कसा कि विपक्ष ध्यानाकर्षण प्रस्ताव तो लगाता है, लेकिन जवाब सुनने से पहले ही तड़ीपार हो जाता है। कांग्रेस विधायकों ने आरोप लगाया कि आयुष्मान-चिरायु योजना के तहत पैनल में शामिल निजी अस्पतालों ने प्रतिपूर्ति राशि नहीं मिलने के कारण कई स्वास्थ्य सेवाओं को बंद कर दिया है।

## कांग्रेस ने लोगों को इलाज न मिलने का आरोप लगाया



## मुख्यमंत्री सैनी बोले, आरोप गलत अस्पतालों में हो रहा बेहतर इलाज

### 27 लाख लोगों का हुआ इलाज : सीएम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर विपक्ष द्वारा हेल्थ इमरजेंसी जैसे हालात बताना केवल राजनीति से प्रेरित एक नैरेटिव गढ़ने की कोशिश है। मुख्यमंत्री ने सदन में कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की शुरुआत 23 दिसंबर 2018 को की गई थी। इसके तहत पात्र परिवारों को प्रति वर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान किया जाता है। इस योजना में 2694 उपचार पैकेज शामिल हैं। सरकार ने 1,236 करोड़ के क्लेम में से लगभग 1,100 करोड़ का भुगतान किया है। 27 लाख से अधिक लोगों का 3,862 करोड़ रुपये से इलाज करवाया गया है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत शिकायत निवारण की मजबूत व्यवस्था की गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा संचालित कॉल सेंटर 14555 नंबर पर 24 घंटे शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। मुख्यमंत्री ने सदन में बताया कि 22 जनवरी 2026 तक हरियाणा में 784 निजी अस्पताल आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध हैं। फरवरी 2026 में 21 फरवरी तक केवल निजी अस्पतालों से ही 33,911 प्री-ऑथराइजेशन अनुरोध प्राप्त हुए।

### शैली चौधरी बोलीं- एसवाईएल पर चर्चा से भाग रही सरकार

बजट पर चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक शैली चौधरी ने कहा कि यह पहली बार है जब बजट में एसवाईएल को लेकर कोई चर्चा नहीं की गई है, जबकि एसवाईएल हरियाणा के लिए कितनी जरूरी है। इसके बावजूद सरकार इस मुद्दे से भाग रही है। जब सुप्रीम कोर्ट ने एसवाईएल को लेकर फैसला दे दिया है, तब भी सरकार उसे लागू नहीं करवा पा रही है। सरकार की इस मुद्दे को लेकर मंशा कुछ और है, जबकि कांग्रेस के समय में प्रदेश की नहरों के लिए बहुत काम किए गए थे।

### बजट में महिला सशक्तिकरण पर फोकस : सावित्री जिंदल

बजट पर चर्चा के दौरान निर्दलीय विधायक सावित्री जिंदल ने कहा कि यह एक बजट नहीं है, यह प्रदेश की जनता के विकास के लिए पूरा लेखा-जोखा है। हमारी सरकार ने 2047 तक प्रदेश को एक ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। किसी भी प्रदेश के विकास की नींव शिक्षा होती है। सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में कई बड़े फैसले किए हैं, जिसका फायदा यहां के युवाओं को यूपीएससी परीक्षा में देखने को मिल चुका है। एक महिला होने के नाते मुझे गर्व है।

### आफताब अहमद बोले- प्रति व्यक्ति आय बहुत कम

नूंह से कांग्रेस विधायक आफताब अहमद ने बजट पर चर्चा करते हुए प्रति व्यक्ति आय का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि यदि हम गुरुग्राम, अंबाला और फरीदाबाद को छोड़ दें तो कोई भी ऐसा जिला नहीं है, जहां प्रति व्यक्ति आय 3.95 लाख हो। ग्रामीण अंचल में हमारी प्रति व्यक्ति आय की हालत बहुत बुरी है। सरकार को अपने आंकड़े दुरुस्त करने चाहिए और इस पर ध्यान भी देना चाहिए।

### विधायक के नाम को लेकर भी आपत्ति

हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के 10वें दिन की कार्यवाही में कांग्रेस विधायक इंदूराज नरवाल को भालू कहने पर नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि ये भालू-भालू क्या है, सही बोलिए। इस पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि इंदूराज नरवाल बहुत अच्छे व्यक्ति हैं। जब पहली बार बरोदा के उपचुनाव में मेरी ड्यूटी लगी थी, तो मंच से पूर्व सीएम उन्हें भालू कहते थे। इस पर स्पीकर ने कहा, जिसका ये लाडला है, वह ये कह सकता है। इस पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इंदूराज नरवाल हमारा भाई है

### रतिया के विधायक बोले- गंदे पानी से कैंसर फैल रहा

रतिया से कांग्रेस विधायक सरदार जरनैल सिंह ने पूछा कि क्या जिला फतेहाबाद में एक कैंसर अस्पताल का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है, यदि हां, तो उपरोक्त अस्पताल का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है? इसका जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने कहा, नहीं। इस पर आपत्ति जताते हुए कांग्रेस विधायक ने कहा, हमारा ये इलाका पूरा कैंसर से पीड़ित है। चूंकि, यहां का पानी बहुत की जहरीला हो चुका है।

## पंजाब सरकार हमारे कार्यक्रमों में अड़ंगा डाल रही : नायब सैनी



### आप और कांग्रेस का चुनाव से पहले रेवड़ी बांटने का कल्चर

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब की आप सरकार पर चुनावी रेवड़ी बांटने का आरोप लगाते हुए कहा कि वहां की जनता मुख्यमंत्री भगवंत मान की सरकार से तंग आ चुकी है और आगामी चुनाव में लोगों ने सत्ता परिवर्तन का मन बना लिया है। नायब सिंह सैनी सोमवार को चंडीगढ़ में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पत्रकारों द्वारा पूछे प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। पंजाब की आप सरकार द्वारा बजट में एससी वर्ग की महिलाओं को 1500 रुपए तथा अन्य महिलाओं को 1000 रुपए देने की घोषणा के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को नजदीक देख कर आप सरकार रेवड़ी बांट रही है लेकिन इससे उनकी पार्टी को कोई फायदा नहीं होगा क्योंकि पंजाब की जनता सत्ता परिवर्तन का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि पंजाब में चाहे पूर्व में कांग्रेस की सरकार रही हो या वर्तमान आप पार्टी की सरकार , इनका इतिहास चुनाव के समय में जुमले छोड़ने और रेवड़ी बांटने का रहा है।सैनी ने चुटकी लेते हुए कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी चुनाव के समय लोक लुभावनी घोषणाएं करते थे , जैसा हाल उनका हुआ है वैसा ही हाल पंजाब सरकार का होगा।

## पंजाब की मावां धीयां सत्कार योजना से प्रेरणा ले हरियाणा सरकार : ढांडा



**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने पंजाब की भगवंत मान सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री मावां धीयां सत्कार योजना को देश में महिला सम्मान और सशक्तिकरण की सबसे बड़ी योजना बताया है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के दिन पंजाब सरकार ने ऐसा ऐतिहासिक फैसला लिया है, जिससे राज्य की करोड़ों महिलाओं को सीधा आर्थिक सहारा मिलेगा और उनका आत्मसम्मान बढ़ेगा। ढांडा ने कहा कि इस योजना के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु की सभी योग्य महिलाओं को हर महीने 1000 और अनुसूचित जाति की महिलाओं को 1500 सीधे उनके बैंक खातों में दिए जाएंगे। इस योजना से पंजाब की लगभग 97 प्रतिशत महिलाएं लाभान्वित होंगी, जो पूरे देश में अपने आप में एक रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि महिलाओं को इस योजना का लाभ लेने के लिए किसी तरह की अनावश्यक शर्तों और पाबंदियों का सामना न करना पड़े। यहां तक कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ लेने वाली महिलाएं भी इस योजना की पात्र होंगी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से देश में महिलाएं घर चलाने सहित अन्य कामों को कर रही है।

## फरीदाबाद के विद्यार्थियों ने देखी विस की कार्यवाही

**चंडीगढ़।** कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल के नेतृत्व में सोमवार को फरीदाबाद के विद्यार्थियों को लोकतंत्र की कार्यप्रणाली से परिचित कराने का एक प्रेरणादायक अवसर प्राप्त हुआ। मंत्री गोयल विद्यार्थियों और अध्यापकों के एक प्रतिनिधिमंडल को लेकर विधानसभा पहुंचे और विस सत्र की कार्यवाही दिखाई।


### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

डी.डी न. 26 दिनांक 08.03.26 धारा 194 BNSS थाना सांपला जिला रोहतक।



अदमशिनाख्त नाश की पहचान बारे

नाम- नामालूम
पिता/पति का नाम- नामालूम
पता- नामालूम।
उम्र- लगभग 40-45 वर्ष।
कद- लगभग 5 फुट 7 इच।
हुलिया- रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, हाथ में S लिखा हुआ, दो आंख खुली हुई व पानी में रहने के कारण चेहरा फूला हुआ है, व नाश सड़ी हुई हालत में है।

दिनांक 08.07.25 को एक नामपता नामालूम व्यक्ति की नाश दहकोरा रोड सांपला जिला रोहतक नाले में गिरी डेड अवस्था में मिली है। जिसके परिजनों का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। थाना सापला रोहतक द्वारा पोस्टमार्टम करवाया जाकर शिनाख्त हेतू 72 घण्टे के लिए डैड हाऊस PGIMS रोहतक में रखवाया गया है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और उचित इनाम से सम्मानित किया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक - 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 01262-247894, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक - 9467604753

पीआरडीएच-1084/11/4549/2026/43638/88/6 दि. 09.03.26



### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/JSO/1378

मनकि सन्दीप पुत्र दलीप सिहं पुत्र टेकचन्द, निवासी एवं बिस्वेदार गांव दादरी तोए, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे जमाबन्दी वर्ष 2020–21 व इंतकाल न0 8052 तकसीम, के अनुसार खेवट न0 158मिन / 143 व खेवट न0 1105 मिन / 1060, खाता न0 160मिन, 1147मिन, मु0 न0 28, किला न0 7(8–0), मु0 न0 80, किला न0 3 / 2(3–2), 8 / 1 / 2(1–2), किते 3, तादादी रकबा 12 कनाल 4 मरले (1.525 एकड़) सालम भाग वाका रकबा मौजा दादरी तोए, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 12 कनाल 4 मरले (1.525 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

SW/JSO/1379

मनकि पवन पुत्र दलीप सिहं पुत्र टेकचन्द, निवासी एवं बिस्वेदार गांव दादरी तोए, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे जमाबन्दी वर्ष 2020–21 व इंतकाल न0 8052 तकसीम, के अनुसार खेवट न0 158मिन / 143 व खेवट न0 1105 मिन / 1060, खाता न0 160 मिन, 1147मिन, मु0 न0 28, किला न0 6(8–0), मु0 न0 80, किला न0 3 / 3(3–1), 8 / 1 / 1(1–3), किते 3, तादादी रकबा 12 कनाल 4 मरले (1.525 एकड़) सालम भाग वाका रकबा मौजा दादरी तोए, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 12 कनाल 4 मरले (1.525 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

SW/BSO/736

मनकि रमेश पुत्र मंगली पुत्र जुगती, निवासी एवं बिस्वेदार गांव बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2023–24 व इंतकाल न0 11456 तकसीम, के अनुसार खेवट न0 3175 मिन / 2707, खाता न0 3541 मिन, मु0 न0 338, किला न0 21 / 1(7–17), 22 / 2 / 2(0–8), 22 / 3 / 1(0–8), मु0 न0 339, किला न0 2 / 1 / 1(0–15), किते 4, तादादी रकबा 9 कनाल 8 मरले का 1 / 3 भाग, बकदर 3 कनाल 2.66 मरले (0.391625 एकड़) वाका रकबा मौजा बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 338, किला न0 21 / 1 मिन दक्षिण (3–2.66), किता 1, तादादी रकबा 3 कनाल 2.66 मरले (0.391625 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अत: यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :–

5822

हमकि कृष्ण – बलवान पुत्रान मंगली पुत्र जुगती, निवासीगण एवं बिस्वेदारान गांव बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2023–24 व इंतकाल न0 11456 तकसीम, के अनुसार खेवट न0 3175मिन / 2707, खाता न0 3541 मिन, मु0 न0 338, किला न0 21 / 1(7–17), 22 / 2 / 2(0–8), 22 / 3 / 1(0–8), मु0 न0 339, किला न0 2 / 1 / 1(0–15), किते 4, तादादी रकबा 9 कनाल 8 मरले का 2 / 3 भाग, बकदर 6 कनाल 5.33 मरले (0.7833125 एकड़) (जिसमें कृष्ण – बलवान हर दो समभाग) वाका रकबा मौजा बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा मु0 न0 338, किला न0 21 / 1 मिन पश्चिम उत्तर (4–14.33), 22 / 2 / 2(0–8), 22 / 3 / 1(0–8), मु0 न0 339, किला न0 2 / 1 / 1(0–15), किते 4, तादादी रकबा 6 कनाल 5.33 मरले (0.7833125 एकड़) पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 09.03.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com



### सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाडरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनके द्वारा प्राप्त की गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की 20 मार्च 2026 को एक ई-नीलामी आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सुशांतलोक | |
| 031457000323 | बबली |
| शाखा का नाम : हरियाणा-रेवाड़ी | |
| 062662002783 | तुषार तुषार |
| शाखा का नाम : भिवानी | |
| 072962003909 | युधिष्ठर युधिष्ठर |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सोहना | |
| 091157000034 | नीरज नीरज |
| शाखा का नाम : नारायणगढ़ | |
| 093162005846 | सुनीता चौबे |
| शाखा का नाम : फतेहाबाद | |
| 093257000117 | राहुल कुमार |
| शाखा का नाम : अग्रोहा | |
| 093362005525 | अनूप |
| 093362005527 | निर्मल सिंह |
| शाखा का नाम : पिपली | |
| 093462002575 | सुमन देवी |
| शाखा का नाम : पंचकूला – शहरी सम्पदा | |
| 093557000023 | प्रेम कुमार सिंह राणा |
| शाखा का नाम : झज्जर | |
| 140262003125 | विक्की विक्की |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – चार्मवुड | |
| 184262001734 | मंजरी सिंगला |
| शाखा का नाम : मण्डी डबवाली | |
| 197857000289 | गुरमान सिंह |
| शाखा का नाम : बाबियां | |
| 215362003575 | रणजीत कौर |
| शाखा का नाम : हिसार-सैक्टर-14 | |
| 337762001362 | अजय कुमार सिंह |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : ऐलनाबाद, हरियाणा | |
| 359462002945 | सुनीता ना |
| शाखा का नाम : घरौंडा, हरियाणा | |
| 359962003903 | तरूण पाहवा |
| शाखा का नाम : बिधल | |
| 373562000171 | सुनील |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सैक्टर-82 | |
| 387562000695 | तुषार साहनी |
| 387562000779 | तुषार साहनी |
| 387562000879 | तुषार साहनी |
| शाखा का नाम : रादौर | |
| 397657000096 | पूजा गोयल |
| शाखा का नाम : सिवानी | |
| 432762000820 | श्याम लाल |
| शाखा का नाम : अटेली | |
| 451462000123 | मुकेश सिंह |
| शाखा का नाम : मानेसर | |
| 661862601545 | गोविन्द |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – शहरी सम्पदा | |
| 732657000012 | प्रवीन कुमार |
| शाखा का नाम : नारनौल | |
| 159057000263 | दान सिंह |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – गोल्फ कोर्स रोड | |
| 165257000025 | रितु सिन्हा |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – सेक्टर-31 | |
| 488957000015 | हरेन्द्र बजवाल |
| शाखा का नाम : बहादुरगढ़ | |
| 046157000028 | राजेश कुमार |
| 046162002082 | रिंकू शाह |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : पलवल | |
| 073462003072 | दीपक गर्ग |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – बादशाहपुर | |
| 085857000035 | परविन्दर कुमार |
| 085857000040 | परविन्दर कुमार |
| शाखा का नाम : आदमपुर | |
| 085962007312 | सुगन देवी |
| शाखा का नाम : अग्रोहा | |
| 093362004052 | संदीप ना |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद-सेक्टर-29 | |
| 140057000063 | भारत शर्मा |
| 140057000148 | नवीन |
| शाखा का नाम : मण्डी डबवाली | |
| 197862004923 | प्रवीन कुमार |
| शाखा का नाम : सिवानी | |
| 432762000801 | सचिन कुमार |
| 432762000811 | मुकेश |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर-70 | |
| 555657000003 | कार्तिक रिकेश्वर प्रसाद सिन्हा |
| शाखा का नाम : पंचकूला – सैक्टर-10 | |
| 556157000013 | सुमित |
| शाखा का नाम : सोनीपत – सिक्का कॉलोनी | |
| 662357015069 | सेल्वी |
| शाखा का नाम : रेवाड़ी-सनसिटी | |
| 733762000433 | विशाल विशाल |
| शाखा का नाम : शेला | |
| 762662000209 | हिमानी भल्ला |

दिनांक : 10.03.2026
स्थान : गुरूग्राम, अम्बाला, भिवानी, हिसार, करनाल, रोहतक, सिरसा, सोनीपत, फरीदाबाद, कुरुक्षेत्र, पंचकूला, महेन्द्रगढ़, रेवाड़ी, झज्जर, फतेहाबाद, यमुनानगर, पलवल, जीन्द, कैथल

हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


## प्रदेश में रोचक हुआ राज्यसभा का चुनाव

# कांग्रेस ने बैठक में बनाई रणनीति, भाजपा ने गुजरात के डिप्टी सीएम को बनाया पर्यवेक्षक

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में राज्यसभा की अप्रैल में खाली होने जा रही दो सीटों को लेकर चुनावी प्रक्रिया चल रही है, सोमवार को नाम वापसी का दिन था। कई तरह के कयास और चर्चाओं का दौर चल रहा था लेकिन भाजपा के पूर्व सांसद संजय भाटिया और कांग्रेस के कर्मबीर बौद्ध, निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल में से किसी ने भी अपना नामांकन वापस नहीं लिया है।

नाम वापसी के दिन निर्दलीय के नाम वापस लिए जाने की चर्चाओं को पंख लगे हुए थे लेकिन इस तरह का का कदम सतीश नांदल ने नहीं उठाया। वहीं 16 मार्च को चुनाव व चल रही चर्चाओं के बीच कांग्रेस ने सोमवार देर रात को प्रदेश कांग्रेस ऑफिस में सभी विधायकों की अहम बैठक हुई। इस दौरान हरियाणा कांग्रेस विधायक दल नेता और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, पीसीसी चीफ राव नरेंद्र सिंह और हरियाणा कांग्रेस मामलों के प्रभारी बीके हरिप्रसाद ने बैठक की संयुक्त अध्यक्षता की। इस दौरान तीनों नेताओं ने काफी देर तक विधायकों के साथ में चिंतन मंथन कर रणनीति तैयार की।

### भाजपा नेता हर्ष सांघवी सक्रिय, विधायक जिंदल की ड्यूटी लगने से सस्पेंस बढ़ा

भारतीय जनता पार्टी ने गुजरात के उपमुख्यमंत्री सीएम हर्ष सांघवी को पर्यवेक्षक लगाया है। इसके अलावा हिसार से निर्दलीय विधायक सावित्री जिंदल को भी ड्यूटी लगा दी गई है। भारतीय जनता पार्टी इस कदम से कांग्रेस खेमे में हलचल मच गई है। सियासी गलियारों में चर्चा है कि बीजेपी चुनाव में उलटफेर करने और फतेह पाने के लिए खेल करने में जुटी हुई है।

### कांग्रेस ने विधायकों को प्रदेश से बाहर भेजने का खंडन किया

पीसीसी चीफ राव नरेंद्र ने विधायकों को बाहर भेजे जाने की खबरों का फिलहाल, खंडन किया। प्रदेश कांग्रेस ऑफिस चंडीगढ़ में हरियाणा विधानसभा की कार्यवाही समाप्त होने के बाद में कांग्रेस के अधिकांश विधायक नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, डा. रघुबीर कादियान अन्य के साथ में सेक्टर 9 स्थित दफ्तर पहुंचे। यहां पर पहले से मौजूद बीके हरिप्रसाद और पीसीसी चीफ राव नरेंद्र थे। सभी विधायकों के पहुंचने के बाद में युवा विधायक जस्सी पेटवाड़ का जन्म दिन होने के कारण केक काटा गया और उन्हें सभी ने बधाई दी। जिसके बाद में विधायकों के साथ में दोनों नेताओं ने आने वाले समय के लिए ठोस रणनीति तैयार की है। नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, पीसीसी चीफ राव नरेंद्र के अलावा प्रभारी हरियाणा कांग्रेस बीके हरिप्रसाद ने संयुक्त तौर पर सभी की राय ली और बाद में सभी को बाहर भेजकर वन टू वन बातचीत भी की।


### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | राम गोपाल कॉलोनी रोहतक में डी स्क्वेयर फिजिक्स गली में सीसी गली का निर्माण + 5 कार्य। | 06.03.2026 13.03.2026 | रु. 1,45,86,708/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | वार्ड 14, एम.सी.आर. में गुफा वाला मंदिर और इसके राउंड सर्कल कम्पलीट से वाया गुरूद्वारा सिंह साहिब सीसी गली, नवजीवन हॉस्पीटल से बालाजी वाली गली तक और डॉ. हरमिंदर गली का निर्माण। | 06.03.2026 13.03.2026 | रु. 76.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | डम्प टैंक्स और वाटर टैंकर सहित सुपर सकर मशीन का प्रचालन व रखरखाव (एक वर्ष के लिए)। | 06.03.2026 16.03.2026 | रु. 110.00 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 4 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक की सीमाओं में सुनारियां गांव में ठोस कचरा संयंत्र में एनजीएल से नीचे लीगेसी वेस्ट का बायो-रिमेडियेशन। | 06.03.2026 16.03.2026 | रु. 410.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 5 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक में दो अदद ट्रक माउंटेड मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों का प्रचालन व रखरखाव। | 06.03.2026 16.03.2026 | रु. 112.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/100/43624/I/88/6 दि. 09.03.26



### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में अम्बाला सिटी में लघु सचिवालय के परिसर में प्रशासनिक खण्ड फेज-III के निर्माण हेतु बकाया कार्य (कोड सं. 12646 दिनांक 28.05.2016 के तहत माननीय सी.एम. घोषणा)। | 25.02.2026 17.03.2026 | 3457.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in34575307 |
| 2 | लोनिवि भ व प नरवाना | जीन्द जिले में न्यायिक परिसर नरवाना में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुविधा। | 06.03.2026 16.03.2026 | 80.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज पंचकूला | थाने की सैर : गांव थाने की सैर, ब्लॉक पिंजौर, जिला पंचकूला में पंच हाउस से मेन गली को जोड़ना (वीएएनजीवाई) + 6 कार्य। | 06.03.2026 12.03.2026 | 23.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416915374 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज सोनीपत | गांव भटगांव डूंगरान में लोनिवि रोड से सतबीर सिंह पुत्र सूरत सिंह के मकान तक रास्ता का निर्माण, एमपी एलएडी। | बंद होने की तिथि 12.03.2026 | 7.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9268376188 brijmohansdo@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज रोहतक | गांव इस्माईला-9बी ब्लॉक सांपला में तालाब (भाया तालाब) के कायाकल्प हेतु बकाया कार्य + 12 कार्य। | 05.03.2026 11.03.2026 | 151.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813604629 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज पुण्डरी | गांव बकाल में पार्क का निर्माण। | 05.03.2026 11.03.2026 | 8.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398020009 sdoprpundri@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज अम्बाला | एचजीवीवाई - गांव धनकौर ब्लॉक अम्बाला-II में तालाब का कायाकल्प और रिटेनिंग वॉल का निर्माण। | 07.03.2026 13.03.2026 | 38.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 8 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा (पी-2) : जलापूर्ति योजना सिरसा कस्बा का संवर्धन, बूस्टिंग स्टेशनों, सिरसा कस्बा जिला सिरसा में (अमरूत-2 के तहत) अतिरिक्त संरचनाओं का निर्माण और आंतरिक वितरण पाइप लाइंस बिछाना, "तृतीय जलघर संरचनाओं, एमबीएस-1, एमबीएस-2 और बूस्टिंग स्टेशनों समेत स्वच्छ जल टैंकों, पम्प चेम्बर, चारदिवारी, पम्पिंग मशीनरी, डी.जी. सैट का निर्माण, विद्युत ट्रांसफॉर्मर, गैस क्लोरीनेटर, राइजिंग मेन लाइंस, एफएचटीसी और वितरण पाइप लाइंस इत्यादि बिछाना, 3 माह के ट्रायल रन के सफलतापूर्वक पूर्णता के पश्चात 12 माह की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि के दौरान और उसके पश्चात सभी प्रकार से पूर्ण 5 वर्ष के लिए ओ एवं एम।" + 1 कार्य। | 07.03.2026 20.03.2026 | 3874.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@gmail.com |
| 9 | जिला परिषद फतेहाबाद | गाजुवाला से रेलवे स्टेशन गाजुवाला तक (शेष भाग) रोड की विशेष मरम्मत, रोड आईडी 978. | 06.03.2026 12.03.2026 | 60.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416071464 zpftb@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/180/43645/I/88/6 दि. 09.03.26

**खबर संक्षेप**

## पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते रजिस्ट्री क्लर्क गिरफ्तार

**चरखी दादरी।** तहसील कार्यालय में कार्यरत रजिस्ट्री क्लर्क को रोहतक एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने सोमवार को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा है। आरोपित जिले के गांव छपार निवासी व्यक्ति से रजिस्ट्री की आपत्ति हटाने की एवज में रिश्वत ले रहा था। इस पर कार्रवाई करते हुए एसीबी ने उसे गिरफ्तार कर उसके खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। एसीबी टीम ने बताया कि शिकायतकर्ता छपार निवासी प्रीतम को जमीन की एक रजिस्ट्री करवानी थी। इस पर आपत्ति लगाकर उसे लटका दिया गया और रिश्वत की मांग की गई। प्रीतम ने इसकी शिकायत एसीबी को की तो रोहतक एंटी करप्शन ब्यूरो इंस्पेक्टर संजीव कुमार की अगुवाई में ड्यूटी मजिस्ट्रेट रोहतक शुगर मिल एमडी एचसीएस श्वेता सुहाग की देखरेख में रेड कर उसे लघु सचिवालय स्थित कार्यालय से गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया आरोपित अनिल कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### बदमाश ने एएसआई पर चलाईं गोलियां, बुलेटप्रूफ जैकेट में लगीं

# डिंग थाने से भागे हत्या व रेप के आरोपी का किया एनकाउंटर, पैर में मारी गोली

- पंजाब में छिपा था आरोपी, पत्नी को लेने आया था वापस
- आरोपी के खिलाफ विभिन्न राज्यों में 18 केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सिरसा पुलिस के डिंग थाने में कस्टडी से फरार हुए मर्डर व रेप मामले में वांछित कुख्यात आरोपी का फतेहाबाद पुलिस ने एनकाउंटर किया है। सीआईए रतिया पुलिस टीम ने कुख्यात आरोपी को पुलिस मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में काबू कर लिया। आरोपी के पैर में गोली लगी है। उसे पहले रतिया के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

डीएसपी मुख्यालय एवं क्राइम कुलवंत सिंह ने बताया कि आरोपी महेन्द्र सिंह उर्फ निक्का पुत्र जीत सिंह निवासी आजाद नगर, फतेहाबाद अब वाल्मीकि चौक, फतेहाबाद में रहता है। जनवरी माह में सड़क किनारे मिली एक महिला की डेड बॉडी से जुड़े मर्डर व रेप के मामले में वह वांछित चल रहा था। आरोपी पहले भी सिरसा पुलिस की कस्टडी से फरार हो चुका था और लंबे समय से पंजाब में छिपकर रह रहा था। डीएसपी ने बताया कि सीआईए रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार को सूचना मिली थी कि आरोपी अपनी पत्नी को साथ लेकर पंजाब जाने के उद्देश्य से क्षेत्र में आने वाला है। इसी दौरान नगला के पास भाखड़ा नहर रोड पर पुलिस टीम को एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन आरोपी ने मोटरसाइकिल मोड़कर भागने की कोशिश की, लेकिन वह गिर गया। आरोपी ने गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर लगातार चार राउंड फायरिंग कर दी। टीम में शामिल एएसआई रघुबीर सिंह को निशाना बनाकर चलाई गई दो गोलियां उनकी बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगीं, जबकि दो गोलियां पास से निकल गई। बुलेटप्रूफ जैकेट के कारण एएसआई रघुबीर सिंह सुरक्षित बच गए। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी।

पुलिस ने उससे अवैध .32 बोर पिस्तौल, चार खाली खोल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी महेन्द्र सिंह उर्फ निक्का के खिलाफ हरियाणा, राजस्थान और अन्य क्षेत्रों में चोरी, घर में सेंधमारी, फरारी, आर्म्स एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं के तहत कुल 18 आपराधिक मामले दर्ज हैं।



फतेहाबाद। अस्पताल में उपचाराधीन आरोपी महेन्द्र सिंह।

**भिवानी से प्रोडक्शन वारंट पर लाए थे**

महेंद्र सिंह उर्फ निक्का को चोरी के एक मामले में 23 दिन पहले भिवानी जेल से प्रोडक्शन वारंट पर डिंग थाने में लाया गया था। वह दो दिन के पुलिस रिमांड पर था। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद खाना खिलाकर डिंग थाने लाया गया था। थाने में उसने बाथरूम जाने का बहाना बनाया। जब वह बाथरूम की ओर जा रहा था, तो उसके पीछे एक होमगार्ड का जवान भी था। आरोपी ने होमगार्ड को चकमा दिया और मौके से फरार हो गया था।

### छत्रपति हत्याकांड में हाईकोर्ट के विस्तृत फैसले में टिप्पणी

# समर्थक 'अत्यधिक उत्साह' में आकर कर सकते हैं हत्या, राम रहीम के सीधे जुड़ाव का सबूत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़

करीब दो दशक पुराने चर्चित पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को बड़ी राहत देते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने उन्हें हत्या की साजिश के आरोप से बरी कर दिया है। हाईकोर्ट ने अपने विस्तृत फैसले में कहा कि यह संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता कि हत्या कुछ कट्टर समर्थकों ने "अत्यधिक और एकांगी उत्साह" में आकर की हो। अदालत ने यह भी कहा कि आस्था के नाम पर अनुयायियों द्वारा कानूनी सीमाएं लांघने के उदाहरण असामान्य नहीं हैं।

मुख्य न्यायाधीश शील नागू और न्यायमूर्ति विक्रम अग्रवाल की खंडपीठ ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को पलटते हुए कहा कि निचली अदालत को यह गंभीरता से जांचना चाहिए था कि क्या डेरा प्रमुख को सीधे तौर पर अपराध से जोड़ने वाला कोई ठोस और निर्णायक साक्ष्य मौजूद था या नहीं। अदालत ने कहा कि यदि अपराध की दो संभावनाएं सामने आती हैं—एक आरोपी के दोषी होने की और दूसरी उसके निर्दोष होने की—तो कानून के अनुसार आरोपी को संदेह का लाभ दिया जाना चाहिए।

खंडपीठ ने यह भी कहा कि मामले में दोषी ठहराए गए कृष्ण लाल, निर्मल और कुलदीप सिंह जैसे हमलावरों के बारे में यह अधिक संभावना प्रतीत होती है कि उन्होंने स्वयं के स्तर पर यह अपराध किया हो, न कि डेरा प्रमुख के निर्देश पर। फैसले में यह भी उल्लेख किया गया कि हरियाणा पुलिस के सब-इंस्पेक्टर रामचंद्र, जिन्होंने 26 अक्टूबर 2002 को रोहतक के पीजीआई में घायल पत्रकार रामचंद्र छत्रपति का बयान दर्ज किया था, उन्हें अभियोजन पक्ष ने गवाही के लिए पेश ही नहीं किया। अदालत ने इसे अत्यंत हैरान करने वाला बताया और कहा कि वह इस मामले के सबसे महत्वपूर्ण गवाह हो सकते थे। उनके बयान को रिकॉर्ड पर न लाने से अदालत के मन में संदेह उत्पन्न हुआ, जिसका लाभ आरोपी को मिला। हाई कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि अस्पताल के रिकॉर्ड से पता चलता है कि 26 अक्टूबर से लेकर कम से कम 1 नवंबर 2002 तक छत्रपति की स्थिति स्थिर और सामान्य बताई गई थी, लेकिन इस अवधि में उनका विस्तृत बयान दर्ज कराने का कोई प्रयास नहीं किया गया। अदालत ने इसे जांच की गंभीर चूक माना।

**गवाह के बयान पिंग पोंग गेंद की तरह बदले**

हाईकोर्ट ने डेरा प्रमुख के पूर्व चालक खट्टा सिंह के बयानों को भी अविश्वसनीय माना। अदालत ने कहा कि खट्टा सिंह कई वर्षों तक चुप रहे और बाद में उनके बयान "पिंग-पोंग गेंद की तरह इधर-उधर बदलते रहे"। अदालत ने यह भी नोट किया कि 26 दिसंबर 2006 को जब उन्होंने पहली बार बयान दिया तब उन्होंने इस मामले में डेरा प्रमुख का नाम नहीं लिया था और केवल रणजीत सिंह हत्या मामले का जिक्र किया था। यदि उन्हें धमकी दी गई थी तो यह स्पष्ट नहीं है कि वह धमकी केवल इसी मामले में क्यों महसूस हुई। अदालत ने जांच एजेंसी सीबीआई की कार्यप्रणाली पर भी चिंता जताई। फैसले में कहा गया कि ऐसा प्रतीत होता है कि जांच को निष्कर्ष तक पहुंचाने के दबाव में खट्टा सिंह से बयान दिलवाने के लिए दबाव बनाया गया। अदालत ने इसे एक प्रमुख जांच एजेंसी के लिए गंभीर चिंता का विषय बताया।

## पानीपत में अवैध खनन में लगे ट्रैक्टर की टक्कर से 6 वर्षीय बच्चे की मौत



चार बहनों का था इकलौता भाई, पिता की पहले ही हो चुकी है मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव बराना में अवैध तरीके से रेत का खनन कर ले जा रहे ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से छह साल के गोविंद्र की मौत हो गई। इस घटना से नाराज ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई की। गोविंद के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है और वह चार बहनों का इकलौता भाई था। इधर, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद गोविंद का शव उसके परिजनों को सौंप दिया और ट्रैक्टर के चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज किया। ट्रैक्टर को इंपाउंड कर लिया है।

## नशा तस्कर की करीब 83 लाख की संपत्ति फ्रीज

**डबवाली।** पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आरोपी प्रगट सिंह उर्फ काका निवासी गांव रघुआना की कथित नशा तस्करी से अर्जित की गई करीब 83 लाख रुपये की संपत्ति को फ्रीज कर दिया है। डीएसपी कपिल अहलावत ने बताया कि अब नशा तस्करों को सिर्फ जेल नहीं भेजा जाएगा बल्कि नशे से बनाई गई उनकी संपत्ति भी कानून के तहत जब्त की जाएगी। उन्होंने बताया कि आरोपी प्रगट सिंह के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत आठ मामले दर्ज हैं। इन में 190 किलो चूरापोस्त से जुड़ा मामला भी शामिल है। आरोपी फिलहाल पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से अंतरिम जमानत पर है। पुलिस ने आठ महीनों में सात नशा तस्करों की दो करोड़ 18 लाख की संपत्ति फ्रीज की है।

## नहर में पूजा सामग्री विसर्जित करने गया युवक बहा

**जींद।** कैथल से नरवाना सिरसा ब्रांच नहर में रविवार को पूजा सामग्री विसर्जित करने आया युवक पैर फिसलने की वजह से नहर में बह गया। पुलिस ने एनडीआरएफ की टीम व गोताखोर को बुलाया लेकिन युवक का शव अगले दिन भी नहीं मिल सका। कैथल की बालाजी कॉलोनी वासी 35 वर्षीय अजय कैथल से नरवाना रविवार शाम को कार में बैठकर नहर में पूजा सामग्री विसर्जित करने पहुंचा था। उसने नहर की पटरी पर बैठकर पूजा अर्चना के लिए दीपक भी जलाया। लेकिन पूजा सामग्री को नहर में बहाते समय उसका पैर फिसल गया और वह पानी के तेज बहाव में बहता चला गया। वहां मौजूद कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी। गाड़ी के नंबर से युवक की पहचान हुई।

## नकल के 13 केस, एक पर्यवेक्षक रिलीव

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित करवाई गई सीनियर सेकेंडरी रसायन विज्ञान, लेखांकन व लोक प्रशासन विषय एवं डी.एल.एड. (रि-अपीयर) विषय की परीक्षा सुचारू रूप से शान्तिपूर्वक संचालित हुई। कुछ परीक्षा केन्द्रों पर नकल के 16 मामले दर्ज किए गए। परीक्षा ड्यूटी में कोताही बरतने पर 1 पर्यवेक्षक को रिलीव किया गया। प्रदेशभर में 1173 परीक्षा केन्द्रों पर संचालित हुई परीक्षा में 95162 परीक्षार्थी/छात्र-अध्यापक प्रविष्ट हुए। बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि गुरुग्राम से संचालित एसटीएफ-05 द्वारा परीक्षा केन्द्र रा.क.व.मा.वि., अलावलपुर-02(बी-1) पर नियुक्त पर्यवेक्षक सुरेन्द्र सिंह,पीटीआई, रा.व.मा.वि.,छाबरोला को परीक्षा ड्यूटी में लापरवाही पाए जाने पर कार्यभार मुक्त किया गया। प्रदेशभर में 11 मार्च को सीनियर सेकेंडरी की कंप्यूटर विज्ञान व आईटी एवं आईटीईएस तथा डी.एल.एड. प्रथम वर्ष रि-अपीयर की परीक्षा में 13186 परीक्षार्थी/छात्र-अध्यापक प्रविष्ट होंगे।

### हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

# हरियाणा में 32% वाहन बिना थर्ड पार्टी बीमा के दौड़ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

सड़कों पर बिना वैध बीमा के बड़ी संख्या में वाहनों के चलने के गंभीर मुद्दे पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ प्रशासन से जवाब तलब किया है। मोहाली निवासी अधिवक्ता कुंवर पाहुल सिंह द्वारा दाखिल अर्जी में संसद में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा गया है कि ट्राईसिटी तथा पंजाब और हरियाणा में बड़ी संख्या में वाहन बिना थर्ड पार्टी बीमा के सड़कों पर चल रहे हैं। यह न केवल मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन है, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों के लिए भी गंभीर समस्या पैदा कर रहा है।

अर्जी के अनुसार चंडीगढ़ में करीब 14.27 लाख वाहन पंजीकृत हैं, जिनमें से दो लाख से अधिक वाहन बिना वैध बीमा के सड़कों पर दौड़ रहे हैं। हरियाणा में करीब 1.3 करोड़ पंजीकृत वाहनों में से 41 लाख से अधिक वाहन बिना इंश्योरेंस के हैं यानी 32 प्रतिशत। पंजाब में लगभग 1.3 करोड़ वाहनों में से 56 लाख से ज्यादा वाहन बिना वैध बीमा के चल रहे हैं। अर्जी में कहा गया है कि सामान्यतः सड़क दुर्घटना के बाद पीड़ित या उसके आश्रित मुआवजे के लिए मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में याचिका दाखिल करते हैं। यदि वाहन का वैध बीमा होता है तो पीड़ित परिवार को बीमा कंपनी के माध्यम से मुआवजा मिलने की प्रक्रिया अपेक्षाकृत आसान होती है। लेकिन यदि वाहन बिना बीमा के पाया जाता है तो मुआवजे की जिम्मेदारी सीधे वाहन चालक या मालिक पर आ जाती है। ऐसे मामलों में मुआवजा राशि की वसूली अक्सर बेहद कठिन हो जाती है।


हरियाणा सरकार

"हमारी सरकार अपनी नीतियों और निर्णयों से MSMEs को लगातार मजबूत कर रही है। भारत के MSMEs सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि ग्लोबल सप्लाई और वैल्यू चेन को सशक्त करने में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं।"
- नरेन्द्र मोदी



व्यापार और उद्योग जगत को बढ़ावा

हरियाणा सरकार द्वारा व्यापारियों के लिए बीमा योजनाएं

मुख्यमंत्री व्यापारी सामूहिक निजी दुर्घटना बीमा योजना

- व्यापारी के जानमाल के नुकसान एवं स्थायी निःशक्त होने पर सरकार द्वारा 5 लाख रुपये बीमा सहायता।
- मात्र 50 रुपये में पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा।

मुख्यमंत्री व्यापारी क्षतिपूर्ति योजना

- किसी व्यापारी के माल का नुकसान (आगजनी या प्राकृतिक आपदा के कारण माल के स्टॉक की हानि) होने पर राज्य के पंजीकृत व्यापारियों के नुकसान की भरपाई के लिए करदाता के वार्षिक टर्नओवर के अनुसार 5 लाख रुपये से 20 लाख रुपये तक बीमा कवरेज सहायता प्रदान की जाएगी।

| टर्नओवर बार श्रेणी | बीमा राशि | वार्षिक पंजीकरण शुल्क |
|---|---|---|
| ₹ 0 से ₹ 20 लाख | ₹ 5 लाख तक | ₹ 100 |
| ₹ 20 से ₹ 50 लाख | ₹ 10 लाख तक | ₹ 500 |
| ₹ 50 लाख से ₹ 1 करोड़ | ₹ 15 लाख तक | ₹ 1500 |
| ₹ 1 करोड़ से ₹ 1.5 करोड़ | ₹ 20 लाख तक | ₹ 2500 |

ऑनलाइन पोर्टल http://htwbhry.in के माध्यम से आवेदन

पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 मार्च, 2026



सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipharyana

## अमेरिका के ऊर्जा मंत्री राइट ने भारत से किया अनुरोध

# भारत बाजार में उपलब्ध रूसी तेल खरीद अपनी रिफाइनरियों में भेजे : अमेरिका

**समुद्री परिवहन में पहले से मौजूद कच्चे तेल को भारत की ओर मोडे**

एजेंसी ▸▸| न्यूयॉर्क/वाशिंगटन

अमेरिका ने भारत से अनुरोध किया है कि वह समुद्री परिवहन में पहले से मौजूद रूसी कच्चे तेल को खरीदकर उसे भारतीय रिफाइनरियों की ओर मोड़ दे, ताकि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच आपूर्ति में संभावित कमी और कीमतों में उछाल की आशंकाओं को कम किया जा सके। अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने कहा कि यह कदम बाजार को स्थिर रखने के लिए एक अल्पकालिक और व्यावहारिक प्रयास है। इसके साथ ही राइट ने स्पष्ट किया कि इस पहल का मतलब रूसी तेल को लेकर अमेरिका की नीति में किसी बदलाव का संकेत नहीं है।

**संभावित कमी और कीमतों में उछाल की आशंकाओं को रोका जा सके**

### कच्चे तेल के कार्गो भारत खरीद सके

राइट ने रविवार को 'सीएनएन' को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि उन्होंने वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के साथ मिलकर भारतीय अधिकारियों से बात की थी ताकि चीनी रिफाइनरियों में उतारे जाने की प्रतीक्षा कर रहे रूसी कच्चे तेल के कार्गो को भारत खरीद सके।



### बहुत सा तेल चीन की रिफाइनरियों में उतारा जाना है

राइट ने कहा, /"भारत इस मामले में एक अच्छा सहयोगी रहा है। मैंने और वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने भारतीय अधिकारियों से फोन पर बात की और कहा कि अभी बहुत सारा तेल चीन की रिफाइनरियों में उतारा जाना है। ऊर्जा मंत्री ने कहा, /"वहां तेल को उतारने के लिए छह सप्ताह तक इंतजार कराने के बजाय, इसे पहले ही भारत खरीदकर अपनी रिफाइनरियों में भेजे ताकि तेल की कमी की आशंका, कीमतों में अचानक बढ़ोतरी और बाजार में व्याप्त चिंताओं को कम किया जा सके।/"

### अमेरिकी नीति में कोई बदलाव नहीं आया

इसके साथ ही उन्होंने दोहराया कि रूस के प्रति अमेरिकी नीति में कोई बदलाव नहीं आया है और /"भारत इस बात को लेकर पूरी तरह स्पष्ट है।/" जब उनसे पूछा गया कि क्या रूसी तेल खरीद के लिए भारत को दी गई 30 दिनों की छूट से ट्रंप प्रशासन का रूस को अलग-थलग करने का लक्ष्य कमजोर होता है, उन्होंने कहा, ''ऐसा नहीं है। यह केवल एक व्यावहारिक कदम है और इसका असर केवल अल्पकालिक है। रूस के प्रति नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ।''

## चांदी 3,400 रुपये टूटकर 2.68 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर, सोना स्थिर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

नयी दिल्ली, नौ मार्च (भाषा) राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमतें 3,400 रुपये टूटकर 2.68 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं, और सोना लगभग स्थिर 1,64,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजारों में उतार-चढ़ाव के बीच मजबूत डॉलर ने कीमती धातुओं की मांग को कम कर दिया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी ने लगातार तीसरे दिन अपनी गिरावट जारी रखी और शुक्रवार के 2,71,700 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर से 3,400 रुपये या लगभग 1.3 प्रतिशत टूटकर 2,68,300 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी से महंगाई का दबाव फिर से बढ़ने की चिंता से चांदी में पिछले सप्ताह की गिरावट और बढ़ गई।'' ऊर्जा की ऊंची कीमतें महंगाई की आशंकाओं को बढ़ाती हैं। इस बीच, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये की मामूली बढ़त के साथ 1,64,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) पर पहुंच गया। सर्राफा संघ के अनुसार, पिछले बाजार सत्र में सोने की कीमत 1,64,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 65.23 डॉलर या 1.26 प्रतिशत टूटकर 5,105.89 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी भी 0.53 प्रतिशत के नुकसान के साथ 83.92 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

## रुपया 53 पैसे टूटकर अपने सबसे निचले स्तर 92.35 प्रति डॉलर पर

**मुंबई (एजेंसी)।** पश्चिम एशिया के बिगड़ते हालात के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और डॉलर के मजबूत होने से सोमवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 53 पैसे टूटकर 92.35 प्रति डॉलर (अस्थायी) के अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में भारी बिकवाली के बीच विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने से रुपये पर खासा दबाव देखा गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 92.22 पर खुला और थोड़ी देर के लिए मजबूत होकर 92.15 तक पहुंच गया। लेकिन बाद में लगातार गिरावट के बीच यह अंत में 92.35 के अपने रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। यह पिछले बंद भाव के मुकाबले 53 पैसे की कमजोरी है। इससे पहले शुक्रवार को रुपया 18 पैसे गिरकर 91.82 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

**रेमंड रियल्टी का आवास परियोजना के लिए करार (नई दिल्ली) :** रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी रेमंड रियल्टी लिमिटेड ने मुंबई में एक नई आवास परियोजना विकसित करने के लिए संयुक्त उद्यम पर हस्ताक्षर किए हैं। इस परियोजना से करीब 3,000 करोड़ रुपये की आय होने का अनुमान है।


**PUBLIC CAUTION NOTICE**

Notice is hereby given that **ZEE LEARN LIMITED ("Company")**, having registered office at *Continental Building, 135, Dr. Annie Besant Road, Worli, Mumbai–400018*, is the sole proprietor of the trademark **"KIDZEE"** and al associated logos, copyrights, know-how, curriculum, academic systems and intellectual property.

Pursuant to a Franchise Agreement dated 30th May, 2006 with **MR. PARVEEN SONI**, a limited and revocable license was granted to **MR. PARVEEN SONI** for operating a pre-school in the name of **Kidzee having address at Plot No. 175, Vijay Nagar, Bhiwani, Haryana-121004 ("Location").**

Parents and general public are hereby **categorically informed** that **MR. PARVEEN SONI is no longer associated with the Company** pursuant to termination of the above referred Agreement and has **no right or authority whatsoever** to use the trademark **"KIDZEE"** or offer the **KIDZEE Program** going forward.

The Company shall **not be responsible or liable** for the curriculum, teaching standards, academic content, administration, or functioning of any pre-school or school run by **MR. PARVEEN SONI.**

The parents and general public are **therefore strictly cautioned** to verify authenticity before dealing with or taking admission of their child/ward in any pre-school or school in and around the Location claiming association with the Company, or KIDZEE, or offering Kidzee Program; as the Company shall bear no responsibility or liability whatsoever.

For any query, contact customer.support@zeelearn.com or +91-2271541895 / +91-9320063100.

**For ZEE LEARN LIMITED**



**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई–ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

| S N | Lot No | Description | Auction Start date time |
|---|---|---|---|
| 1 | MSS-UMB-BTI-TWnOPS-24-26-1 | वठिंडा (BTI) रेलवे स्टेशन पर पार्सल पैकिंग के लिए 10'x10' यानी 100 वर्ग फुट का फर्श स्थान प्रदान करना। | 24.03.2026 12.00.00 hrs |
| 2 | MSS-UMB-UMB-TWnOPS-23-26-1 | अंबाला कैंट (UMB) रेलवे स्टेशन पर पार्सल पैकिंग के लिए 10'x10' यानी 100 वर्ग फुट का फर्श स्थान प्रदान करना। | 24.03.2026 12.00.00 hrs |

नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक वार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर जाये।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 791/26



IFSCA

**अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवाएं केन्द्र प्राधिकरण**

द्वितीय एवं तृतीय तल, प्रज्ञा टावर, गिफ्ट सिटी, गांधी नगर, गुजरात

फाइल नं. 73/आईएफएससीए/कंसलटेंट्स/2020–21 03 मार्च 2026

**रिक्ति अधिसूचना**

अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवाएं केन्द्र प्राधिकरण (आईएफएससीए), आर्थिक मामलों का विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक वैधानिक एकीकृत नियामक निकाय, अनुंबध आधार पर युवा पेशेवर और वरिष्ठ परामर्शदाता के विभिन्न पदों को भरने के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है। नियुक्ति का स्थान गिफ्ट सिटी, गांधी नगर, गुजरात है।

2. आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों से विस्तृत रिक्ति अधिसूचना के लिए www.ifsca.gov.in/career देखने का आग्रह किया जाता है। आवेदन के साथ–साथ अपेक्षित दस्तावेजों की डाक द्वारा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि 23.03.2026 अप. 6.00 बजे तक है।

महाप्रबंधक
सीबीसी–15228/12/0007/2526 सामान्य प्रशासन विभाग


**डाइकिन उत्पादों के दाम 12 प्रतिशत बढ़ाएगी (नई दिल्ली) :** डाइकिन इंडिया अप्रैल से कीमतों में 12 प्रतिशत तक बढ़ोतरी करने वाली है, क्योंकि कच्चे माल की लागत और आपूर्ति श्रृंखला का खर्च बढ़ गया है। अप्रैल 2026 से, डाइकिन इंडिया कच्चे माल की लागत और आपूर्ति श्रृंखला के खर्च में लगातार बढ़ोतरी को कम करने के लिए अपनी सभी उत्पाद श्रृंखला में कीमतों में 7-12 प्रतिशत की वृद्धि करेगी।

## पश्चिम एशिया संघर्ष ने ऊर्जा आत्मनिर्भरता की जरूरत को फिर उजागर किया



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने आयातित हाइड्रोकार्बनों पर भारत की गहरी निर्भरता को लेकर चिंताओं को फिर से बढ़ा दिया है, जिससे वैश्विक सप्लाई बाधा के कारण उत्पन्न होने वाले आर्थिक जोखिम उजागर हो रहे हैं। यह चुनौती स्ट्रक्चरल है। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का लगभग 87% आयात करता है, जिससे अर्थव्यवस्था वैश्विक सप्लाई झटकों और कीमतों में उतार-चढ़ाव के प्रति अत्यधिक संवेदनशील हो जाती है। तेल और गैस मिलकर भारत के वार्षिक आयात बिल का लगभग 176 अरब डॉलर हिस्सा बनाते हैं, जिससे अर्थव्यवस्था भू-राजनीतिक अस्थिरताओं के प्रति अधिक प्रभावित रहती है। उद्योग जगत के नेताओं का कहना है कि ताजा संकट इस बात की याद दिलाता है कि ऊर्जा सुरक्षा का आर्थिक स्थिरता से गहरा संबंध है। चूँकि वैश्विक तेल सप्लाई का एक बड़ा हिस्सा हॉर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है, इसलिए क्षेत्र में किसी भी प्रकार की स्थिति बिगड़ने पर भारत के लिए ऊर्जा लागत तेजी से बढ़ सकती है, जिससे महंगाई, चालू खाता घाटे और रुपये पर दबाव पड़ सकता है। वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने सरकार से इस क्षेत्र को तुरंत राष्ट्रीय प्राथमिकता घोषित करने का आग्रह किया है। अग्रवाल ने कहा, "आज के अशांत भू-राजनीतिक माहौल में किसी संसाधन-समृद्ध क्षेत्र में होने वाला कोई भी संघर्ष, जैसे कि ईरान में जारी संघर्ष, भारत को असुरक्षित बना देता है, क्योंकि भूमिगत प्राकृतिक संसाधनों के लिए हमारी आयात पर भारी निर्भरता है।

## पीआईबी चंडीगढ़ द्वारा पत्रकार प्रतिनिधिमंडल ने जोधपुर में काजरी और आफरी का किया दौरा



**चंडीगढ़/जोधपुर।** पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), चंडीगढ़ द्वारा वरिष्ठ पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल 8 से 14 मार्च के दौरान राजस्थान के दौरे पर है। इस दौरान आज 9 मार्च को प्रतिनिधिमंडल ने काजरी और आफरी का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (काजरी) से अपने दौरे की शुरुआत की। इस अवसर पर काजरी के निदेशक डॉ. सुरेशपाल सिंह तंवर ने जानकारी देते हुए बताया कि काजरी थार मरुस्थल एवं लेह जैसे ठंडे रेगिस्तानी क्षेत्रों में कृषि के विकास के लिए कार्य कर रहा है। संस्थान ने टिब्बा स्थिरीकरण, प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन, जल प्रबंधन, फलोद्यानिकी, पशुपालन आदि क्षेत्रों में शोध कार्य कर अनेक तकनीकियाँ विकसित की हैं और इन तकनीकों को गांवों और ढाणियों तक पहुँचाया है, जिससे क्षेत्र में कृषि उत्पादन बढ़ा और हरियाली का विस्तार हुआ है। कम पानी, कम लागत और कम खर्च में पनपने वाली खरीफ एवं रबी की विभिन्न फसलों की किस्में विकसित की गई हैं, जिससे उत्पादन में वृद्धि हुई है और किसानों की आय बढ़ी है। उन्होंने कहा कि समन्वित कृषि प्रणाली का एक मॉडल विकसित किया गया है, जिसमें अनाज, फल, चारा, पेड़, औषधीय पौधे आदि के माध्यम से किसान को वर्ष भर आय प्राप्त होती रहती है। प्रधानमंत्री मोदी के किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को प्राप्त करने में काजरी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।


रजिस्ट्री सं० डी० एल० – 33004/99 REGD. NO. D. L. - 33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.–डी.एल.–अ.–24102025-267096
CG-DL-E-24102025-267096
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग–II–खण्ड 3–उप–खण्ड (ii)
PART II-Section 3 - Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 4710] नई दिल्ली, शुक्रवार, अक्टूबर 24, 2025/कार्तिक 2, 1947
No.4710] NEW DELHI, FRIDAY, 24 OCTOBER, 2025/KARTIKA 2, 1947

रेल मंत्रालय
(उत्तर रेलवे (निर्माण संगठन))
अधिसूचना
नई दिल्ली, 24 अक्तूबर, 2025

**का.आ. 4854(अ).** – केन्द्रिय सरकार रेलवे (संशोधन) अधिनियम–2008 की धारा 2 के खंड (37–क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से **''राजपुरा–मोहाली नई रेल लाइन (18.11 कि०मी०) उत्तर रेलवे''**. के निर्माण में लोक प्रयोजन के लिए राष्ट्रीय अवसंरचना उपबंधित कराने हेतु, पंजाब राज्य के जनपद **पटियाला, फतेहगढ़ साहिब और साहिबजादा अजीत सिंह नगर** में लगभग **53.84 हेक्टेयर** भूमि अधिग्रहण हेतु **''विशेष रेल परियोजना''** के रूप में अधिसूचित करती है।

[फा. सं.190-W/Land/UMB/Rajpura-Mohali]
शैलेश कुमार मिश्रा मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण
788/26



ऊपर वाले से मिला वरदान
मेरे पास है हर समाधान
करो प्रेमिका / पति मुट्ठी में
जो व्यक्ति वास्तव में परेशान है, वो ही फोन करें।
रजि.
**गुरू कबीर जी**
की जुबान पत्थर की लकीर है।
आपकी हर समस्या का समाधान
जैसे:- शादी, कारोबार, पढ़ाई में रुकावट, सास बहु, मिया बीवी में अनबन, सौतन, दुश्मन नाश, ग्रह क्लेश, बेटा / बेटी / पति - पत्नी किसी के वश में कहना न मानता हो, पशु, फसल में नुकसान, कोर्ट-कचहरी मुकदमा जैसी सभी समस्याओं का गारन्टीड समाधान। पाँच मिनट में समाधान
एक फोन करो समाधान पाओ
**9711428545**
स्पेशलिस्ट : वशीकरण, मनचाहा प्यार


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## मिडिल ईस्ट में गहराता संकट बढ़ा सकता है जोखिम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) उद्योग के प्रमुख संगठन नैसकॉम ने सोमवार को प्रौद्योगिकी कंपनियों को पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनीतिक संकट को देखते हुए अपनी परिचालन तैयारियों और साइबर सुरक्षा ढांचे को और मजबूत करने की सलाह दी है। नैसकॉम ने आगाह किया है कि अनिश्चितता के इस माहौल में कामकाज में बाधा आने और साइबर खतरों का जोखिम काफी बढ़ सकता है। अपनी सदस्य कंपनियों के लिए जारी एक नए परामर्श में नैसकॉम ने कहा कि हालांकि वर्तमान में व्यावसायिक परिचालन स्थिर है, लेकिन कंपनियां अपनी आकस्मिक योजनाओं की सक्रिय रूप से समीक्षा कर रही हैं। झटकों को झेलने या उनसे उबरने की अपनी क्षमता को और मजबूत कर रही हैं, ताकि /"समय के साथ स्थिति बदलने पर/" होने वाले किसी भी संभावित व्यवधान को कम किया जा सके। यह परामर्श ऐसे समय में आया है जब ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद पश्चिम एशिया में संघर्ष गहरा गया है। इसके जवाब में हुए मिसाइल और ड्रोन हमलों ने हवाई क्षेत्र को प्रभावित किया है, जिससे क्षेत्रीय स्थिरता, साइबर खतरों और वैश्विक प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे, यात्रा मार्गों व समुद्री व्यापार पर इसके संभावित असर को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

## ईरान संकट से अर्थव्यवस्था के लिए नए जोखिम हो सकते हैं पैदा, चुनौतियां बढ़ने की आशंका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रेटिंग एजेंसी फिच ने सोमवार को कहा कि ईरान से जुड़े संघर्ष के कारण उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए तेल-गैस आयात, प्रवासी समुदाय की तरफ से भेजी जाने वाली विदेशी मुद्रा और विनिमय दर जैसे क्षेत्रों में अतिरिक्त चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। फिच रेटिंग्स ने 'ईरान संघर्ष से उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए उपजे नए ऋण जोखिम' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा कि यदि खाड़ी क्षेत्र से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में अपेक्षा से अधिक व्यवधान आता है तो वैश्विक निवेशकों की धारणा पर गंभीर असर पड़ सकता है। रिपोर्ट कहती है कि ऊर्जा कीमतें लंबे समय तक ऊंची रहने से उन सरकारों पर वित्तीय दबाव बढ़ सकते हैं, जो उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए ईंधन पर सब्सिडी देती हैं या कीमतों में बढ़ोतरी के जवाब में ऐसी योजनाएं शुरू करती हैं। तेल उत्पादन ढांचे को नुकसान हो सकता है : रेटिंग एजेंसी ने कहा कि यदि होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते तेल एवं गैस का परिवहन एक महीने से कम समय तक बंद रहता है और क्षेत्र के तेल उत्पादन ढांचे को बड़ा नुकसान नहीं होता है।


**पुलिस मुख्यालय, सोनीपत का उपायुक्त कार्यालय**

केस नं. 116 दिनांक 28.02.2026 धारा 140(3) बीएनएस और 84 जे.जे. एक्ट के तहत पुलिस स्टेशन खरखौदा, ज़िला सोनीपत



गुमशुदा की पहचान :
नाम : ज्योति
पिता का नाम : अजीत सिंह
पता : गाँव नसीरपुर चोलका, ज़िला सोनीपत
आयु : 16.5 वर्ष
ऊँचाई : 5 फीट 4 इंच
दिखने में – सांवला रंग, गोल चेहरा, लंबे काले बाल, लंबी नाक, काली आँखें, मोटा शरीर, गर्दन पर तिल
पोशाक : संतरी सूट और संतरी पैंट, पैरों में चप्पल पहनी हुई।

आम जनता को एतद द्वारा यह सूचित किया जाता है कि 28.02.2026 को ज्योति पुत्री अजीत पुत्र चत्तर सिंह निवासी गाँव नसीरपुर चोलका, ज़िला सोनीपत घर से खरखौदा के लिए निकली थी। वह उस दिन से घर नहीं लौटी है और उसका अभी तक कोई पता नहीं चला है। इस बारे में उपरोक्त अनुसार केस पंजीकृत किया गया है। यदि किसी के पास उपरोक्त लापता व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी है तो कृपया निम्नलिखित सम्पर्क नम्बरों पर सूचना दें :

*एसएचओ खरखौदा : 7419410536*
*जांच अधिकारी – 9050379593*
*पुलिस नियंत्रण कक्ष सोनीपत – 0130–2222903, 100*

क्राइम रिकॉर्ड ऑफिसर,
पुलिस उपायुक्त
पीआरडीएच–1084/11/4547/2026/43635/88/6 दि. 09.03.26 मुख्यालय सोनीपत


## राशिफल

**मेष** — भाग–दौड़ अधिक रहेगी। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। आत्मसंयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — आय में वृद्धि होगी, परन्तु स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में सुधार हो सकता है। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों के सुखद परिणाम मिल सकते हैं।

**सिंह** — व्यवधान आ सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निराशा एवं असन्तोष के भाव मन में रहेंगे। किसी सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**कन्या** — सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**तुला** — भागदौड़ अधिक रहेगी। आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। पारिवारिक जीवन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में व्यर्थ की भागदौड़ हो सकती है।

**वृश्चिक** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। आय भी बढ़ेगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**धनु** — भाइयों का साथ मिलेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मकर** — किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, लेकिन आलस्य की अधिकता हो सकती है।

**कुंभ** — मित्रों का सहयोग मिलेगा। मन में निराशा के भाव आ सकते हैं। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** — शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

## सरकार ने 6,309 करोड़ रुपये के बांड वापस खरीदे

**मुंबई (एजेंसी)।** सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से आयोजित अदला-बदली नीलामी के तहत 6,309 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां (जी-सेक) वापस खरीद ली हैं और उनके बदले 6,431.79 करोड़ रुपये के नए बॉन्ड जारी किए हैं। सरकारी प्रतिभूति कम जोखिम वाले ऋण साधन होते हैं जिन्हें सरकार जारी करती है। सरकारी गारंटी वाली इन प्रतिभूतियों पर निश्चित प्रतिफल मिलता है। सरकार की तरफ से दोबारा खरीदी गई प्रतिभूतियां अगले वित्त वर्ष में परिपक्व होने वाले निर्धारित बॉन्ड का हिस्सा थीं। इनमें 1,684 करोड़ रुपये मूल्य के 7.33 प्रतिशत जीएस 2026 बॉन्ड, 1,035 करोड़ रुपये मूल्य के 5.74 प्रतिशत जीएस 2026 बॉन्ड, 590 करोड़ रुपये मूल्य के 8.15 प्रतिशत जीएस 2026 बॉन्ड और 3,000 करोड़ रुपये के 8.24 प्रतिशत जीएस 2027 बॉन्ड शामिल हैं। इन बॉन्ड के बदले सरकार ने 1,719.23 करोड़ रुपये मूल्य के 6.57 प्रतिशत जीएस 2033 बॉन्ड, 986.52 करोड़ रुपये मूल्य के 7.62 प्रतिशत जीएस 2039 बॉन्ड, 605.60 करोड़ रुपये मूल्य के 6.57 प्रतिशत जीएस 2033 बॉन्ड और 3,120.42 करोड़ रुपये के 7.40 प्रतिशत जीएस 2062 के बॉन्ड जारी किए। यह फरवरी के बाद से आरबीआई द्वारा आयोजित बॉन्ड अदला-बदली की चौथी नीलामी है। इस नीलामी के तहत सरकार निकट अवधि में परिपक्व होने वाले बॉन्ड की जगह लंबी अवधि के बॉन्ड जारी करती है। इससे अगले वित्त वर्ष में होने वाले पुनर्भुगतान दबाव को कम करने में मदद मिलेगी। वित्त वर्ष 2026-27 में लगभग 5.47 लाख करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्ड परिपक्व होने वाले हैं।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम मानेसर | सभी प्रकार से पूर्ण 02 वर्ष की अवधि के लिए मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों का प्रचालन और रखरखाव (मानेसर)। | 07.03.2026 18.03.2026 | रु.4,78,90,968/- | https://etenders.hry.nic.in | 8053494965 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/43664/I/88/6 दि. 09.03.26



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका भुना (फतेहाबाद) | हिसार रोड भुना पर सर्विस स्टेशन (निकट खैरी रोड) से स्वर्ग आश्रम तक स्टॉर्म वाटर ड्रेन का निर्माण, पुनर्निविदा। | बंद होने की तिथि 17.03.2026 | रु.17,93,825/- | https://etenders.hry.nic.in | 7988436867 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/43646/I/88/6 दि. 09.03.26


## शब्द पहेली - 6160


| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | 4 | ■ | 5 | | 6 | 7 |
| 8 | | ■ | | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| | ■ | 11 | | | | ■ | 12 | 13 | ■ | |
| 14 | | | | ■ | ■ | 15 | ■ | 16 | 17 | |
| | ■ | | ■ | 18 | | | 19 | ■ | | ■ |
| 20 | 21 | | 22 | | ■ | 23 | | 24 | | 25 |
| ■ | | ■ | 26 | | | | ■ | | ■ | |
| 27 | | 28 | ■ | | ■ | ■ | 29 | | | |
| | ■ | 30 | 31 | ■ | 32 | | | | ■ | |
| 33 | 34 | ■ | 35 | | | ■ | | ■ | 36 | |
| 37 | | | | ■ | 38 | | | | | |

**बाएँ से दाएँ**
1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

### शब्द पहेली- 6159 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | द | त | न | ■ | ल | ■ | वा | य | लि | न |
| ■ | ल | ■ | रा | ■ | प | व | न | ■ | ख | फा |
| ए | ■ | ■ | ध | व | ल | ■ | र | ■ | ■ | स |
| ह | र | द | म | ■ | पा | ल | ■ | फ | क | त |
| सा | ■ | म | ■ | दा | ना | ■ | सा | ■ | मा | ■ |
| न | वी | न | त | म | ■ | अ | ज | वा | ई | न |
| ■ | र | ■ | वा | ■ | स | दा | ■ | रि | ■ | वी |
| प | ता | का | ■ | ह | क | ■ | अ | स | मा | न |
| र | ■ | ■ | जी | ■ | प | र | दा | ■ | ■ | ता |
| वा | त | ■ | न | ल | का | ■ | व | ■ | द | ■ |
| ज | रु | र | त | ■ | ना | ■ | त | ल | वा | र |



बजट वेबिनार में पीएम का 'केयर इकोनॉमी' पर जोर

# जन आकांक्षाओं की पूर्ति सरकार का संकल्प.. शिक्षा, स्वास्थ्य क्षेत्र पर जोर

पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले दशक में देश में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ेगी, जबकि दुनिया के कई देशों में 'केयरगिवर्स' की भारी मांग है। ऐसे में स्वास्थ्य क्षेत्र में लाखों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर तैयार हो रहे हैं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को बजट के बाद आयोजित 'सबका साथ, सबका विकास- लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना' विषय पर वेबिनार को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जन आकांक्षाओं की पूर्ति केवल चर्चा का विषय नहीं है, बल्कि यही इस बजट का मूल ध्येय और सरकार का संकल्प है। पीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जन आकांक्षाओं की पूर्ति का सबसे बड़ा माध्यम शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य, पर्यटन, खेल और संस्कृति जैसे मूलभूत सेक्टर हैं। इसी वजह से इस वेबिनार में इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर विस्तार से चर्चा की जा रही है।

## नई पीढ़ी की सोच देश की सबसे बड़ी ताकत और पूंजी

योग और आयुर्वेद दुनिया भर में तेजी से लोकप्रिय हो रहा



बजट वेबिनार को संबोधित करते पीएम मोदी

### स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बना रहे

पीएम ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देश का हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर काफी मजबूत हुआ है और सैकड़ों जिलों में नए मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत आरोग्य मंदिरों से स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच गांव-गांव तक बढ़ाई गई है।

### स्वास्थ्य क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर

पीएम मोदी ने 'केयर इकोनॉमी' का जिक्र करते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण विषय है। आने वाले दशक में देश में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ेगी, जबकि दुनिया के कई देशों में 'केयरगिवर्स' की भारी मांग है। ऐसे में स्वास्थ्य क्षेत्र में लाखों युवाओं के लिए कौशल धारित रोजगार के नए अवसर तैयार हो रहे हैं।

### विशेषज्ञों से मांगे सुझाव

पीएम ने वेबिनार में मौजूद हेल्थ सेक्टर के विशेषज्ञों से अपील करते हुए कहा कि वे नए ट्रेनिंग मॉडल और पार्टनरशिप विकसित करने के लिए सुझाव दें, ताकि देश का ट्रेनिंग इकोसिस्टम और मजबूत हो सके।

## टेली मेडिसिन के प्रति जागरूकता बढ़ाएं

पीएम ने कहा कि टेली मेडिसिन का से बड़ी संख्या में दूरदराज के लोग भी अब इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं और इस पर भरोसा बढ़ रहा है। हालांकि, इसमें अभी और ज्यादा जागरूकता तथा सहजता बढ़ाने की जरूरत है। पिछले एक दशक में देश की सोच में बड़ा बदलाव आया है। आज भारत का हर युवा कुछ नया करना चाहता है। नई पीढ़ी की सोच देश की सबसे बड़ी ताकत और उज्ज्वल भविष्य की पूंजी है।

### खेलों को राष्ट्रीय विकास से जोड़ा गया

पीएम ने कहा कि युवाशक्ति तभी राष्ट्रीय शक्ति बनती है, जब वह स्वस्थ, अनुशासित और आत्मविश्वास से भरपूर हो। पिछले कुछ वर्षों में खेलों को राष्ट्रीय विकास की महत्वपूर्ण धारा के रूप में देखा गया है। खेलो इंडिया जैसी पहलों ने देश में स्पोर्ट्स ईकोसिस्टम को नई ऊर्जा दी है और देशभर में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को लगातार मजबूत किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### शरजील को 10 दिन की अंतरिम जमानत



**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगों के आरोपी शरजील इमाम को कड़कड़डूमा कोर्ट ने सोमवार को बड़ी राहत मिली है। अदालत ने शरजील इमाम को अपने भाई की शादी में शामिल होने और बीमार मां की देखभाल करने के लिए 10 दिन की अंतरिम जमानत दी है। एडिशनल सेशन जज समीर बाजपेई की अदालत ने उन्हें जमानत दी।

### बाड़मेर कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी



**बाड़मेर।** बाड़मेर न्यायालय परिसर को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद हड़कंप मच गया। पुलिस, बम स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड ने तलाशी ली, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। पुलिस अब ई-मेल भेजने वाले की तलाश में जुटी है। धमकी भरे ई-मेल में दोपहर 1 बजे से पहले धमाका करने की बात कही गई थी।

### तिरुवनंतपुरम में सड़क हादसे में 3 की मौत



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के तिरुवनंतपुरम के नेदुमंगड में दो दोपहिया वाहनों की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान राजेश (21), बिनय (20) और श्रीलाल (28) के रूप में हुई है जो पास के उझामलक्कल के रहने वाले थे।

### राहुल सिन्हा राज्यसभा के लिए निर्वाचित



**कोलकता।** पश्चिम बंगाल से भाजपा के वरिष्ठ नेता राहुल सिन्हा राज्यसभा के लिए चुन लिए गए हैं। उन्होंने अपना जीत का प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर लिया है। उन्होंने अपनी पार्टी के नेतृत्व का शुक्रिया अदा किया। सिन्हा ने कहा, वे जनता की सेवा और पार्टी के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे।

## स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का गिरना तय

# विपक्ष का बहुमत जुटाना मुश्किल, 238 पर ही अटके, चाहिए 272, एनडीए के पास 293 सांसद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



विपक्ष ने नोटिस में आरोप लगाया है कि सदन में नेता प्रतिपक्ष और अन्य विपक्षी नेताओं को बोलने का पर्याप्त अवसर नहीं दिया गया। इसके अलावा 8 विपक्षी सांसदों को पूरे बजट सत्र के लिए निलंबित कर दिया था

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार से शुरू हो रहा है। विपक्ष ने बजट सत्र के पहले चरण के दौरान ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ नोटिस दिया था, जिस पर 118 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। उस समय तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर नहीं किए थे, लेकिन अब पार्टी ने स्पष्ट किया है कि वह विपक्ष के इस प्रस्ताव का समर्थन करेगी। बता दें कि लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए कुछ निर्धारित नियम हैं। इसके तहत कम से कम दो सांसदों के हस्ताक्षर के साथ 14 दिन पहले नोटिस देना होता है और सदन में कम से कम 50 सदस्यों का समर्थन जरूरी होता है। इस मामले में कांग्रेस के सांसद मोहम्मद जावेद, कोडिकुनिल सुरेश और मल्लू रवि ने प्रस्ताव का नोटिस दिया है। विपक्ष ने नोटिस में आरोप लगाया है कि सदन में नेता प्रतिपक्ष और अन्य विपक्षी नेताओं को बोलने का पर्याप्त अवसर नहीं दिया गया। इसके अलावा 8 विपक्षी सांसदों को पूरे बजट सत्र के लिए निलंबित किए जाने और विपक्ष की महिला सांसदों के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाए जाने का भी उल्लेख किया गया है।

### पहले दूरी बना चुकी टीएमसी देगी विपक्ष का साथ

मुद्दे के जरिए विपक्ष की सरकार को घेरने की कोशिश


लोकसभा की कार्यवाही

### विपक्ष के पास पर्याप्त संख्या नहीं

लोकसभा अध्यक्ष को हटाने के लिए साधारण बहुमत यानी 272 मतों की आवश्यकता होती है। फिलहाल सदन में सत्तारूढ़ पक्ष के पास लगभग 293 सांसदों का समर्थन बताया जा रहा है, जिसमें भाजपा, जेडीयू, टीडीपी और एनडीए के अन्य दल शामिल हैं। दूसरी ओर विपक्ष के पास कांग्रेस सहित अन्य दलों को मिलाकर लगभग 238 सांसद हैं। ऐसे में अगर प्रस्ताव पर मतदान होता है तो इसके पारित होने की संभावना कम मानी जा रही है। हालांकि बहस के दौरान विपक्ष इस मुद्दे के जरिए सरकार को घेरने की कोशिश जरूर कर सकता है।

### नोटिस स्वीकार हुआ तभी होगी चर्चा

ऐसे में अगर नोटिस स्वीकार कर लिया जाता है तो इसके बाद बहस के लिए समय तय किया जाएगा और सदन में चर्चा होगी। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष स्वयं अध्यक्षता नहीं करेंगे। सामान्य तौर पर ऐसी स्थिति में कार्यवाही का संचालन उपाध्यक्ष करते हैं, लेकिन फिलहाल उपाध्यक्ष का पद खाली है। ऐसे में सभापति पैनल में शामिल सबसे वरिष्ठ सदस्य सदन की कार्यवाही का संचालन करेंगे और माना जा रहा है कि यह जिम्मेदारी जगदंबिका पाल को मिल सकती है।

### कांग्रेस पर भड़के केंद्रीय मंत्री रिजिजू

### बोले- क्या एक आदमी पूरे देश का महाराजा है?



लोकसभा में कांग्रेस और अन्य विपक्षी सदस्यों के हंगामे पर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विपक्ष पूरी तरह कंफ्यूजन में है। उसके लोगों को यह नहीं पता है कि उन्हें क्या करना है। रिजिजू ने कहा कि मैंने कभी इतनी गैर-जिम्मेदार पार्टी नहीं देखी। आपका एक परिवार या एक आदमी क्या पूरे देश का महाराजा है? विपक्ष के लोग देश के संविधान और नियमों को ही नहीं मानते हैं। पहले ये लोग लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए, जो अभी तक पेंडिंग है, लेकिन उसी बीच दूसरा अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दे रहे हैं, जिसका कोई मतलब नहीं है।

### राज्यसभा में नड्डा का विपक्ष पर तंज

### मोदी सरकार में वहीं बैठे रहोगे और घटते जाओगे



राज्यसभा में सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने विपक्ष के व्यवहार को गैर-जिम्मेदाराना बताया। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों को देश के विकास में कोई दिलचस्पी नहीं है और वे लगातार मंत्रियों के जवाब के दौरान सदन से वॉकआउट कर रहे हैं। विपक्ष का मकसद हंगामा और अव्यवस्था फैलाना है। नड्डा ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा मोदी सरकार के नेतृत्व में वहीं बैठे रहोगे और घटते चले जाओगे।

## नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का दावा



संसद के बाहर प्रदर्शन करते राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे

# अमेरिका से समझौता पीएम की मजबूरी या ब्लैकमेल का नतीजा

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पश्चिम एशिया में चल रहे संकट पर केंद्र सरकार की चुप्पी और संसद में चर्चा न होने पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि अमेरिका के साथ हाल ही में हुए समझौते ने देश को कमजोर स्थिति में डाल दिया है। उन्होंने दावा किया कि यह डील पीएम की मजबूरी या ब्लैकमेल का नतीजा है, जिससे भारत के हितों पर समझौता हुआ है।

### सरकार मुद्दों से भाग रही

राहुल गांधी ने कहा कि सरकार जानबूझकर संवेदनशील विषयों से दूर भाग रही है। क्षेत्रीय संघर्ष से भारत की अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान होने वाला है। राहुल ने चेतावनी दी कि यह संकट एक बड़े पैराडाइम शिफ्ट की ओर इशारा कर रहा है, जिससे देश को आर्थिक रूप से गहरा झटका लगेगा। उन्होंने हालिया स्टॉक मार्केट में आई गिरावट का उदाहरण देते हुए कहा कि बाजार पहले ही इस प्रभाव को महसूस कर चुका है।

सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के नर्सिंग कॉलेज में शामिल हों
बीएससी (नर्सिंग) पाठ्यक्रम - 2026
JOIN COLLEGES OF NURSING UNDER AFMS
BSC (NURSING) COURSE - 2026

सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के नर्सिंग कॉलेज में बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम 2026 के लिए इच्छुक महिला उम्मीदवार का नीट (यूजी) 2026 परीक्षा में सफल होना अनिवार्य है। पात्रता, नियम एवं शर्तों की जानकारी रोजगार समाचार में प्रकाशित की जाएगी। यह सूचना इस वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर भी उपलब्ध होगी।

Female candidates desirous of seeking admission to BSc(N) 2026 course at Colleges of Nursing under AFMS have to mandatorily qualify NEET (UG) 2026. The Eligibility, Terms and Conditions will be published in the Employment News in due course of time. The same will also be available on the website
www.joinindianarmy.nic.in
CBC-10601/11/0070/2526

### कूनो नेशनल पार्क में चीतों का 'अर्ध शतक' पूरा



**श्योपुर।** कूनो नेशनल पार्क से सोमवार को एक बार फिर तब सुकून देने वाली खुशखबरी आई जब मादा चीता ज्वाला ने 5 शावकों को जन्म देने की सूचना मिली। इसके साथ ही अब कूनो नेशनल पार्क में चीतों का अर्ध शतक भी पूरा हो गया है। क्योंकि कूनो नेशनल पार्क में जहां कुल चीतों की संख्या 50 हो गई है,वहीं भारत में कुल 53 चीते हो गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'एक्स' हैंडल पर लिखा कि कूनो नेशनल पार्क से फिर खुशखबरी मिली है। चीता ज्वाला ने 5 शावकों को जन्म दिया है, जो प्रोजेक्ट चीता के लिए एक और बड़ी उपलब्धि है।

### नांगलोई में बेकाबू हुई डीटीसी बस

## कइयों को कुचला, 2 की मौत गुस्साई भीड़ ने किया पथराव

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



नांगलोई इलाके में बेकाबू डीटीसी बस ने कुछ लोगों को कुचल दिया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। आक्रोशित लोगों ने बस को रोक कर उसपर पथराव कर दिया। तोड़फोड़ करने के बाद भीड़ ने एक बस को आग के हवाले कर दिया। पथराव में छह बसों के शीशे टूट गए हैं। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। पुलिस मौके पर मौजूद भीड़ को तितर-बितर कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, आज सुबह करीब 9.45 बजे नजफगढ़ की तरफ से आ रही डीटीसी क्लस्टर बस ने एक स्कूटी, एक बाइक, एक रिक्शा और कुछ पैदल चलने वालों को टक्कर मार दी। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। जिनके शव एसजीएम अस्पताल और महाराजा अग्रसेन अस्पताल पंजाबी बाग में रखे गए हैं।

### कॉलेजियम में पारदर्शिता की कमी : जस्टिस दत्ता

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस दीपांकर दत्ता ने कॉलेजियम सिस्टम की कार्य प्रणाली पर यह कहते हुए सवाल उठाए हैं कि इसमें पारदर्शिता की कमी है। जस्टिस दत्ता ने कहा कि अक्सर जजों को भी बहुत कम स्पष्टता होती है कि कॉलेजियम काम कैसे करता है और इसकी बैठकें कहां होती हैं।

उत्तर रेलवे
ई–नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई–ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

| Lot No. | Description | Auction Start Date Time |
|---|---|---|
| ADVT-Int-250749-2-26-1 | ट्रेन संख्या 20493/94 (सीडीजी–एमडीयू–सीडीजी) में ट्रेन कोचों के आंतरिक भाग में डिस्प्ले बोर्ड का उपयोग करके वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान (विज्ञापन के लिए कोच संरचना और आयाम के अनुसार) | 20.03.2026 12:00 hrs |
| MSS-UMB-SRE-RCR-66-26-1 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन (अंबाला मंडल) पर 05 वर्षों की अवधि के लिए रेल कोच रेस्तरां की स्थापना और संचालन (साइट.योजना के अनुसार) | 20.03.2026 12:00 hrs |
| ADVT-UMB-BTI-OSD-338-25-1 | बठिंडा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर 10 फुट x 8 फुट क्षेत्र के वीडियो वॉल के रूप में वाणिज्यिक विज्ञापन अधिकार (डिजिटल) | 23.03.2026 12:00 hrs |
| ADVT-UMB-NBA-OSN- 157-22-2 | नाभा रेलवे स्टेशन पर 240 वर्ग फुट क्षेत्र में व्यावसायिक विज्ञापन (नॉन–डिजिटल) | 23.03.2026 12:00 hrs |
| MSS-UMB-SFMU-RCR-71-26-1 | अंबाला मंडल के सुनाम उधम सिंह वाला रेलवे स्टेशन पर तीन वर्षों की अवधि के लिए 12′ x 8′ यानी 96 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल के लिए फूड वैन का निर्माण, संचालन और रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार) | 23.03.2026 12:00 hrs |
| MSS-UMB-DUI-RCR- 70-26-1 | अंबाला मंडल के धुरी रेलवे स्टेशन पर तीन वर्षों की अवधि के लिए 12′ x 8′ यानी 96 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल के लिए फूड वैन का निर्माण, संचालन और रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार) | 23.03.2026 12:00 hrs |
| MSS-UMB-AADR- RCR-73-26-1 | अंबाला मंडल के अंब अंदौरा रेलवे स्टेशन पर तीन वर्षों की अवधि के लिए 10′ x 10′ यानी 100 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल के लिए फूड वैन का निर्माण, संचालन और रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार) | 23.03.2026 12:00 hrs |
| MSS-UMB- LHA-RCR-72-26-1 | अंबाला मंडल के लेहरा गागा रेलवे स्टेशन पर तीन वर्षों की अवधि के लिए 12′ x 8′ यानी 96 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल के लिए फूड वैन का निर्माण, संचालन और रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार) | 23.03.2026 12:00 hrs |

नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जाएं। 786/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### चुनाव आयोग ने बंगाल में राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

# भाजपा की मांग: तीन से ज्यादा चरण में न हो मतदान

एजेंसी ⏭ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में होने जा रहे विधानसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय चुनाव आयोग के पदाधिकारियों ने राज्य के राजनैतिक दलों के साथ बैठक की। बैठक में भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने आयोग को 16 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। पार्टी की ओर से जगन्नाथ सरकार, शिशिर बाजोरिया और तापस रॉय शामिल हुए। भाजपा नेताओं ने राज्य में केंद्रीय सुरक्षा बलों की प्रभावी तैनाती, भयमुक्त माहौल में मतदान और रिगिंग रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की।

## सुरक्षा बलों की प्रभावी तैनाती की मांग की



बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार व अन्य अधिकारी

### कालीघाट मंदिर में विरोध

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने दक्षिण कोलकाता स्थित प्रसिद्ध कालीघाट मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान कुछ लोगों ने काले झंडे दिखाकर विरोध भी जताया।

### आयोग ने मेरा अपमान किया: मंत्री चंद्रिमा



तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल में शामिल राज्य की मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि एसआईआर को लेकर सवाल पूछने पर आयोग बार-बार यह कहकर जवाब दे रहा था कि मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ने उन्हें ऊंची आवाज में बोलने से रोका, जिससे वे असंतुष्ट हैं।

ममता का आरोप

### भाजपा ने धरनास्थल पर पर्चे बांटे, दो गिरफ्तार



सीएम ममता बेनर्जी ने धरनास्थल पर भाजपा और उसकी एजेंसियों द्वारा पर्चे बांटे जाने का आरोप लगाते हुए सोमवार को तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे ऐसे लोगों को पकड़ें और पुलिस के हवाले कर दें। उनके निर्देश के उपरांत पुलिस ने ऐसे दो लोगों को हिरासत में लिया है जो कोलकाता में पीएम नरेंद्र मोदी की 14 मार्च की रैली के प्रचार के मद्देनजर पर्चे बांट रहे थे।

## चिंतन

# चर्चा के लिए लाए गए अपने ही विषयों से न भागे विपक्ष

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत उसकी संसदीय परंपरा और बहस की संस्कृति रही है। संसद केवल कानून बनाने का मंच नहीं, बल्कि विचारों के टकराव, तर्क-वितर्क और जनहित से जुड़े मुद्दों पर गंभीर चर्चा का स्थान है। ऐसे में यदि संसद के भीतर उठाए गए विषयों पर ही राजनीतिक दल चर्चा से कतराने लगें, तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए चिंता का विषय बन जाता है। हाल ही में लोकसभा स्पीकर के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को लेकर जो स्थिति बनी, उसने एक बार फिर इस सवाल को जन्म दिया है कि क्या राजनीतिक दल अपने ही उठाए मुद्दों पर बहस के लिए तैयार हैं। ऐसा है तो फिर वे चर्चा से क्यों भागते हैं। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का मुद्दा जब संसद की कार्यसूची में शामिल था, तब केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विपक्ष के रवैये पर सवाल उठाए। उनका कहना था कि जब प्रस्ताव लाया जाता है तो संसदीय नियमों के अनुसार उसके समर्थन में कम से कम 50 सांसदों का खड़ा होना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जब अध्यक्षता कर रहे जगदंबिका पाल ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि विपक्ष प्रस्ताव लाना चाहता है तो उस पर चर्चा की अनुमति दी जाएगी, तब विपक्ष को आगे आकर नियमों के अनुसार अपनी बात रखनी चाहिए थी। दरअसल, संसद में किसी भी प्रस्ताव, अविश्वास प्रस्ताव या स्थगन प्रस्ताव को लाने की एक निश्चित प्रक्रिया होती है। यदि इन प्रक्रियाओं को दरकिनार कर केवल राजनीतिक शोर-शराबा किया जाए तो संसद की उपयोगिता कम हो जाती है। विपक्ष का दायित्व केवल विरोध करना नहीं है, बल्कि वह सरकार की नीतियों पर तार्किक और तथ्यात्मक सवाल उठाए तथा बहस के माध्यम से जनता के मुद्दों को सामने लाए। इस पूरे प्रकरण में यह आरोप लगाया गया कि विपक्ष ने जिस मुद्दे को खुद उठाया, उसी पर चर्चा से बचने की कोशिश की और बीच में अन्य प्रस्ताव लाने का प्रयास किया। यदि यह सच है, तो यह लोकतांत्रिक मर्यादाओं के अनुकूल नहीं कहा जा सकता। संसद में बहस से भागना न तो सरकार के लिए उचित है और न ही विपक्ष के लिए। लोकतंत्र में बहस ही वह माध्यम है जिसके जरिए जनता तक सच्चाई और तर्क दोनों पहुंचते हैं। संसद की कार्यवाही तय करने में बीएसी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यही समिति विभिन्न विषयों पर चर्चा के लिए समय और प्रक्रिया निर्धारित करती है। यदि कोई विषय कार्यसूची में शामिल हो चुका है, तो उस पर चर्चा से पीछे हटना या व्यवधान पैदा करना संसदीय प्रक्रिया की गंभीरता को कम करता है। यह भी सच है कि भारतीय संसद में पिछले कुछ वर्षों में व्यवधानों की संख्या बढ़ी है। कई बार महत्वपूर्ण विधेयक और मुद्दे बिना पर्याप्त चर्चा के ही पारित या स्थगित हो जाते हैं। इससे लोकतांत्रिक विमर्श की गुणवत्ता प्रभावित होती है। विपक्ष का काम सरकार को कठघरे में खड़ा करना है, लेकिन यह काम नारेबाजी या हंगामे से ज्यादा प्रभावी ढंग से बहस और तथ्यों के जरिए किया जा सकता है। वहीं सरकार की भी जिम्मेदारी कम नहीं है। उसे विपक्ष की बात सुनने और उसे पर्याप्त समय देने की राजनीतिक उदारता दिखानी चाहिए। संसद तभी सार्थक बनती है जब वहां सत्ता और विपक्ष दोनों की आवाज सुनी जाए। यदि कोई पक्ष चर्चा से बचता है या दूसरा पक्ष चर्चा को टालता है, तो अंततः नुकसान लोकतंत्र का ही होता है। इसलिए आवश्यक है कि संसद को टकराव नहीं, बल्कि संवाद का मंच बनाया जाए।

# भारत में ऊर्जा संकट बढ़ा रहा युद्ध?



ईरान-इजराइल-यूएस जंग
प्रभात कुमार रॉय

इजराइल-अमेरिका द्वारा संयुक्त तौर पर ईरान के विरुद्ध शुरू हुई भीषण जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को बंद कर दिया है। हालांकि भारत सरकार का दावा है कि भारत में फिलहाल तेल और गैस की कोई किल्लत नहीं है, लेकिन भारत का तकरीबन 40 प्रतिशत तेल आयात होर्मुज स्ट्रेट के माध्यम से ही हो रहा है। भारत के पास रिफाइनरी और कमर्शियल स्टोरेज में तकरीबन 10 करोड़ बैरल कच्चा तेल है। जो तकरीबन 35 दिनों की जरूरत पूरी कर सकता है। अमेरिका के टैरिफ दबाव के कारण भारत ने रूस से आयात किए जाने वाले कच्चे तेल की मात्रा आधी से भी कम कर दी गई है। किंतु भारत-अमेरिकी व्यापार डील की रूस विरोधी शर्तों को यदि भारत ने स्वीकार किया है तो हम ऊर्जा संकट से कदाचित नहीं बच सकेंगे।

इजराइल और अमेरिका द्वारा संयुक्त तौर पर 28 फरवरी को ईरान के विरुद्ध प्रारंभ की गई की भीषण जंग फिलहाल थमने का नाम नहीं ले रही है। समस्त खाड़ी क्षेत्र पूर्ण रूप से इस विनाशकारी जंग की जद में आ चुका है। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को बंद कर दिया है और ऐलान किया है कि रूस और चीन के मालवाहक जहाजों के अतिरिक्त अगर किसी भी अन्य देश का जहाज यहां निकलने की कोशिश करेगा तो उस पर सैन्य आक्रमण अंजाम दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि भारत का तकरीबन 40 प्रतिशत तेल आयात होर्मुज स्ट्रेट के माध्यम से ही होता रहा है। भारत अपनी आवश्यकता का तकरीबन 90 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। भारत सरकार का दावा है कि भारत में फिलहाल तेल और गैस की कोई किल्लत नहीं है। लेकिन होमुर्ज स्ट्रेट के आसपास चल रहे भयंकर युद्ध ने एकदम स्पष्ट कर दिया है कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा किसी तरह से एक संकरे होर्मुज स्ट्रेट पर निर्भर है। युद्ध के कारणवश भारत के लिए अत्यंत संकट पूर्ण घड़ी उपस्थित हो गई है, क्योंकि भारत के कुल आयातित कच्चे तेल का तकरीबन 40 प्रतिशत अर्थात प्रतिदिन 27 लाख बैरल कच्चा तेल होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते से होकर आता है। भारत के लिए कच्चा तेल मुख्य रूप से इराक, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और कुवैत आदि गल्फ देशों से आयातित किया जाता है। दुर्भाग्य से यदि युद्ध लंबा खिंच जाता है तो भारत के लिए बड़ी भारी दुश्वारियां उत्पन्न हो जाएंगी ,क्योंकि तेल के दामों में प्रति बैरल दस डॉलर की बढ़ोतरी भी होती है तो उसका पूरा बोझ उपभोक्ताओं पर थोप दिया जाता है। आने वाले संकट के दौर में भारत में महंगाई की दर और अधिक बढ़ सकती है। प्राकृतिक गैस - एलएनजी के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता मुल्क कतर ने ईरान के निरंतर ड्रोन आक्रमणों के बाद बेहद खराब परिस्थितियों का हवाला देते हुए प्राकृतिक गैस का उत्पादन रोकने का फैसला लिया है। उल्लेखनीय है कि तकरीबन 3 करोड़ टन लिक्वेफाइड नेचुरल गैस - एलएनजी की 40 फ़ीसदी आपूर्ति कतर से भारत के लिए की जाती रही है। एलएनजी आयात करने वाली कंपनी पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड ने भी अपने ग्राहकों गेल इंडिया और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन को आपूर्ति रुकने की सूचना दे दी है। डोनाल्ड ट्रंप अनेक दफा यह ऐलान कर चुके हैं कि भारत द्वारा रूस से तेल खरीदा जा रहा है। इस तेल खरीद से यूक्रेन के खिलाफ जंग जारी रखने में रूस को बेहद मदद मिल रही है। प्रेसिडेंट ट्रंप का भारत पर इल्जाम है कि रूस इस दौलत का इस्तेमाल करके यूक्रेन के विरुद्ध निरंतर जंग संचालित करता रहा है। भारत सरकार का कहना है कि वह अपने राष्ट्रीय हितों के मद्देनजर रूस से तेल खरीदता रहा है और दुनिया के अन्य देश भी ऐसा ही करते रहे हैं। अमेरिका और भारत के मध्य रूस से तेल खरीदारी करने का सवाल एक बड़ा संगीन मुद्दा बन चुका है। फिलहाल अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की आमद को निरंतर बनाए रखने की गरज से अमेरिका के वित्त मंत्री एस्कॉट बेसेंट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा है कि भारतीय रिफाइनरियों



को रूस से तेल खरीदने के लिए 30 दिनों की मुकम्मल छूट प्रदान कर दी गई है। अमेरिकन सरकार ने रूस से तेल खरीदने पर भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ आयद कर दिया था। अतिरिक्त टैरिफ आयद करने के बाद भारत पर कुल 50 प्रतिशत अमेरिकन टैरिफ आयद कर दिया गया था, लेकिन अमेरिका से भारत की ट्रेड डील संपन्न हो जाने के पश्चात 50 फ़ीसदी टैरिफ को घटाकर 18 फ़ीसदी कर दिया गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फरमाया था कि भारत द्वारा रूस से तेल खरीदारी खत्म करने का वादा किया गया है। अतः इसीलिए भारत के साथ ट्रेड डील अंजाम दी जा रही है और भारत पर आयद किए गए 50 प्रतिशत टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। हालांकि भारत सरकार ने कहा था कि देश के डेढ़ अरब नागरिकों की ऊर्जा जरूरतों और सुरक्षा को अंजाम देना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी रहेगी। भारत में तेल रिफाइनरी कंपनियं रूस से आयातित कच्चे तेल को रिफाइन करके कई देशों को निर्यात भी करती रही हैं। मैरिटाइम इंटेलिजेंस कंपनी केप्लर ने बताया है कि भारत के पास रिफाइनरी और कमर्शियल स्टोरेज में तकरीबन 10 करोड़ बैरल कच्चा तेल विद्यमान है। इसमें से तकरीबन 90 फ़ीसदी का इस्तेमाल किया जा सकता है। जो कि भारत के लिए तकरीबन 35 दिनों की जरूरतों को है पूरा कर सकता है। अनेक अंतरराष्ट्रीय विवेचकों की राय है कि ईरान विरुद्ध अमेरिकी-इजरायल युद्ध वस्तुतः यूक्रेन-रूस जंग की तरह लंबे काल तक नहीं चल सकता है। लेकिन इस युद्ध के 15 दिनों से अधिक खिंच जाने पर भारत पर ऊर्जा संकट का गंभीर असर पड़ सकता है। इजराइल और अमेरिका द्वारा संयुक्त तौर पर सैन्य ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के तहत ईरान पर विनाशकारी आक्रमण अंजाम दिया गया। खास तौर पर ध्यान केंद्रित योग्य तथ्य है कि विगत कुछ वर्षों के दौर में चीन की साम्यवादी हुकूमत द्वारा अरबों-खरबों बिलियन डॉलर खर्च करने के बाद ईरान में आधुनिकतम अस्त्र-शस्त्रों का निर्माण करने की खातिर की भारी बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया है। पहले डोनॉल्ड ट्रंप द्वारा वैनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो के अपहरण को अंजाम दिया गया और वैनेजुएला की राजसत्ता और तेल को अपने काबू में करने के बाद ट्रंप साहब द्वारा ईरान में अपनी पसंद की हुकूमत कायम करने के लिए ईरान पर सैन्य आक्रमण अंजाम दिया गया। सर्वविदित है कि विश्व पटल पर अमेरिका और चीन दो सबसे शक्तिशाली सैन्य ध्रुव हैं। रूस भी वस्तुतः यूक्रेन युद्ध चीन की जबरदस्त सैन्य इमदाद के दमखम ही पर लड़ता रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू का यह अनुमान एकदम गलत सिद्ध हुआ कि ईरान के शीर्ष नेतृत्व को हलाक करके वह ईरान में यथाशीघ्र सत्ता परिवर्तन अंजाम दे देंगे। ईरान की फौज के प्रबल प्रतिरोध को देखते हुए ईरान बनाम अमेरिका इजरायल जंग लंबी भी खिंच सकती है। फिर तो भारत को जबरदस्त तौर पर तेल संकट का सामना करना पड़ेगा। रूसी तेल की प्रबल आपूर्ति के कारण चीन को संभवत तेल आपूर्ति संकट का अधिक सामना नहीं करना पड़ेगा। अमेरिका के टैरिफ कूटनीतिक दबाव के कारण भारत द्वारा रूस से आयात किए जाने वाले कच्चे तेल की मात्रा आधी से भी कम कर दी गई है। किंतु भारत-अमेरिकी व्यापार डील की रूस विरोधी शर्तों को यदि भारत द्वारा स्वीकार किया जाता है तो फिर हम ऊर्जा संकट से कदाचित नहीं बच सकेंगे।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा

सेंट्रल डेस्क





# देश की आर्थिक सेहत बिगाड़ सकता है तेल


वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में सोमवार को तेज उछाल के कारण भारतीय वित्तीय बाजारों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। ईरान से जुड़े बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के चलते तेल आपूर्ति बाधित होने की आशंका ने निवेशकों में चिंता बढ़ा दी, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय मुद्रा और शेयर बाजार दोनों पर दबाव पड़ा। भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले गिरकर 92.33 प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंच गया, जबकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हस्तक्षेप के बावजूद इसमें कमजोरी बनी रही। इसी दौरान प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लगभग 3% तक गिर गए, हालांकि बाद में इनमें थोड़ी रिकवरी देखी गई। ब्रेंट क्रूड की कीमत 25% से अधिक बढ़कर लगभग 117 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से ही तेल की कीमतों में कुल मिलाकर 50% से अधिक की बढ़ोतरी हो चुकी है। भारत जैसे देश के लिए, जो अपनी कुल तेल जरूरत का लगभग 89% आयात करता है, यह स्थिति आर्थिक रूप से बेहद संवेदनशील है। तेल महंगा होने से आयात बिल बढ़ता है, महंगाई बढ़ती है, चालू खाता घाटा बढ़ सकता है और कंपनियों के मुनाफे पर दबाव पड़ता है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि यदि यह भू-राजनीतिक संकट लंबा खिंचता है, तो इसका असर केवल वित्तीय बाजारों तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि आर्थिक विकास, सरकारी वित्त और कॉरपोरेट आय पर भी पड़ सकता है।

इस संकट का एक बड़ा पहलू हॉर्मुज जलडमरूमध्य है, जो वैश्विक तेल व्यापार का एक अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है। भारत का लगभग 2.6 मिलियन बैरल कच्चा तेल प्रतिदिन इसी रास्ते से गुजरता है। यदि इस मार्ग में कोई बाधा आती है, तो भारत की ऊर्जा आपूर्ति पर गंभीर असर पड़ सकता है। कुछ विशेषज्ञों ने इससे भी खराब स्थिति की चेतावनी दी है। कतर के ऊर्जा मंत्री ने कहा है कि यदि संघर्ष और बढ़ता है और खाड़ी क्षेत्र में ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित होती है, तो तेल की कीमतें 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। तेल की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर भारतीय रुपये पर भी पड़ा है। तेल महंगा होने पर भारत को आयात के लिए अधिक डॉलर की आवश्यकता होती है, जिससे विदेशी मुद्रा की मांग बढ़ जाती है। साथ ही वैश्विक अनिश्चितता के समय निवेशक सुरक्षित परिसंपत्तियों, विशेषकर अमेरिकी डॉलर की ओर रुख करते हैं। इन दोनों कारणों से रुपये पर दोहरा दबाव बना है। आरबीआई द्वारा डॉलर बेचकर बाजार को स्थिर करने की कोशिश के बावजूद आयातकों और निवेशकों की मांग के कारण रुपये में कमजोरी बनी रही।

भारतीय शेयर बाजारों में आई गिरावट इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हाल के महीनों में कंपनियों के वित्तीय परिणाम बेहतर हो रहे थे। कई कंपनियों ने लगातार कई तिमाहियों में दो अंकों की लाभ वृद्धि दर्ज की थी और विश्लेषकों का अनुमान था कि वित्त वर्ष 2025 से 2027 के बीच निफ्टी कंपनियों की आय लगभग 12% की दर से बढ़ सकती है। लेकिन तेल की कीमतों में उछाल इस सकारात्मक रुझान को प्रभावित कर सकता है। ऊर्जा महंगी होने से विमानन, परिवहन, रसायन, विनिर्माण और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों की लागत बढ़ जाती है। यदि कंपनियां यह अतिरिक्त लागत उपभोक्ताओं पर नहीं डाल पातीं, तो उनके मुनाफे पर दबाव पड़ सकता है। साथ ही, ईंधन महंगा होने से उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति घटती है, जिससे मांग भी कमजोर पड़ सकती है। हालांकि इन जोखिमों के बावजूद नीति-निर्माताओं का कहना है कि भारत पहले की तुलना में बेहतर स्थिति में है। वर्तमान में देश के पास 250 मिलियन बैरल से अधिक का कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों का भंडार है, जो मैंगलोर, पडुर और विशाखापत्तनम जैसे रणनीतिक भंडारण केंद्रों में रखा है। इसके अलावा, भारत ने पिछले दशक में तेल आयात के स्त्रोतों को 27 देशों से बढ़ाकर लगभग 40 देशों तक विविधीकृत किया है, जिनमें रूस, पश्चिम अफ्रीका व अमेरिका भी शामिल हैं।

कुल मिलाकर, भारत की अर्थव्यवस्था के बुनियादी संकेतक अभी भी अपेक्षाकृत मजबूत हैं—जैसे नियंत्रित महंगाई, स्थिर आर्थिक वृद्धि, पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार और संतुलित राजकोषीय स्थिति। फिर भी, बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितता और ऊंची तेल कीमतें बाहरी जोखिम पैदा कर रही हैं। यदि यह संकट लंबे समय तक जारी रहता है, तो रुपये, वित्तीय बाजारों और महंगाई पर दबाव बढ़ सकता है। इसलिए भारत की आर्थिक स्थिति काफी हद तक वैश्विक ऊर्जा बाजारों और खाड़ी क्षेत्र की स्थिरता पर निर्भर बनी हुई है।


# ईश्वर के उपकारों का सिलसिला अनंत



संकलित
## दर्शन

किसी संकट एवं कष्ट के समय हर क्षण हमारी जिह्वा पर प्रभु का नाम होता है। मन, कर्म एवं वचन से भी हमें उनके अनुनय-विनय की मुद्रा में ही रहते हैं। फिर एक दिन जब हम प्रभु की अनुकंपा से उन बुरे दिनों की चपेट से उबर जाते हैं तो उन्हें भूल जाते हैं। इस प्रकार जन्म से लेकर आज तक हमारे ऊपर ईश्वर के ऐसे उपकारों का सिलसिला अनंत है। प्रभु के उपकार रूपी ऋण से उऋण होना हम मनुष्यों के लिए जीवनपर्यत असंभव है। धन्य हैं वे करुणानिधान, जिन्होंने विशेष कृपा कर हमें बनाया। हाथ, कान, नाक, पांव, बुद्धि एवं घ्राण क्षमता-सब कुछ कार्योपयोगी। यदि वह एकाध अंग-उपांग से अथवा अनेक जीवनोपयोगी शारीरिक क्षमताओं से वंचित कर विपरीत परिस्थितियों में जन्म दे देते तब भी हमें जीवन जीना ही पड़ता। तो क्या फिर हम अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य पर इतना इतरा पाते? बिल्कुल नहीं। तब पल-पल संघर्ष एवं परिश्रम कर सब कुछ डोलना ही होता। प्रभु ने कुछ तो समझ-बूझकर हम मनुष्यों को जीवन की ये तमाम अनुकूलताएं दी होंगी। भगवान ने इतनी सुविधाएं दीं तो बदले में हमने क्या विलक्षण किया? वास्तव में ईश्वर ने हमें ये सारी अनुकूलताएं एवं सुविधाएं कुछ विशेष कार्य करने के लिए दी हैं, न कि केवल व्यर्थ में कुछ विशेष होने-समझने के लिए। समस्या यह है कि औरों के कल्याण एवं हित के लिए प्रभु-दरबार से अनुकंपा पर मिली वस्तुओं को हमने भूलवश नितांत अपना ही समझ लिया। इसलिए आनंद देने वाली उन सब वस्तुओं से भय, क्रोध, लालच, पीड़ा,ईर्ष्या, द्वेष एवं पीड़ा टपकने लगी।

# जब कोई झूठा आरोप लगे तो धैर्य न छोड़ें



संकलित
## प्रेरणा

द्वारका में एक सूर्य भक्त था सत्राजित। उसे सूर्य देव ने स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। ये मणि रोज बीस तोला सोना उगलती थी। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में देंगे तो इससे मिले धन से प्रजा की अच्छी देखभाल हो सकेगी। सत्राजित ने श्रीकृष्ण को मणि देने से मना कर दिया। इस घटना के कुछ दिन बाद सत्राजित के भाई प्रसेनजित ने मणि चुरा ली। प्रसेनजित मणि लेकर जंगल में भाग गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। मणि जंगल में ही गिर गई। सत्राजित को जब प्रसेनजित और अपनी मणि नहीं मिली तो उसने श्रीकृष्ण पर आरोप लगा दिया कि कृष्ण ने ही मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण पर चोरी और हत्या का कलंक लग गया। श्रीकृष्ण आरोप को गलत साबित करने के लिए जंगल की ओर चल दिए। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पैरों के निशान दिखे।श्रीकृष्ण समझ गए कि प्रसेनजित को शेर ने मार दिया है और मणि यहीं कहीं गिर गई है। श्रीकृष्ण मणि खोजते हुए एक गुफा में पहुंच गए। गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण ने मणि मांगी तो जामवंत ने नहीं दी। इसके बाद दोनों का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीत गए। इसके बाद जामवंत ने मणि श्रीकृष्ण को दे दी और अपनी पुत्री जामवंती का विवाह भी भगवान के साथ कर दिया। द्वारका लौटकर श्रीकृष्ण ने वह मणि जामवंत से लेकर सत्राजित को दे दी और पूरी सच्चाई बता दी।

## अंतर्मन





### आज की पाती

**हंगामे और गतिरोध की संसद**

भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में संसद को सर्वोच्च मंच माना जाता है, जहां जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि देश की नीतियों, समस्याओं और भविष्य की दिशा पर गंभीर चर्चा करते हैं। किंतु दुर्भाग्य से पिछले कुछ वर्षों में संसद की कार्यवाही बार-बार हंगामे और गतिरोध की भेंट चढ़ती दिखाई दे रही है। संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के प्रारंभ से पहले ही जिस तरह हंगामे की आशंका व्यक्त की जा रही है, वह लोकतांत्रिक परंपराओं के लिए चिंताजनक संकेत है। विपक्ष की ओर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर तीखी बहस होना स्वाभाविक है, क्योंकि लोकतंत्र में असहमति और आलोचना का अधिकार विपक्ष को प्राप्त है। लेकिन यह भी उतना ही स्पष्ट है कि वर्तमान परिस्थितियों में यह प्रस्ताव संख्या बल के आधार पर पारित होने की स्थिति में नहीं है।

*- मयंक, रोहतक*

## करंट अफेयर

# बर्फ की चट्टान टूटने से फंसे 23 लोगों को बचाया गया

कनाडा के दक्षिण-पश्चिमी ओंटारियो स्थित जॉर्जियन बे के तट से बर्फ की चट्टान टूटकर बह जाने के बाद उस पर फंसे 23 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। ओंटारियो प्रांतीय पुलिस के अनुसार बर्फ का बड़ा टुकड़ा तट से अलग होकर एक मील से अधिक दूरी तक बह गया और कई हिस्सों में टूट गया, जिससे कुछ लोग बर्फीले पानी में आंशिक रूप से डूब गए। ग्रे-ब्रूस इकाई के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें रविवार दोपहर कई लोगों के बर्फ पर फंसने की सूचना मिली थी। मदद के लिए पुलिस के विमानन और समुद्री इकाइयों के साथ-साथ जॉर्जियन ट्रायंगल के आसपास स्थित काउंटी के अग्निशमन विभागों के कर्मियों को भी मौके पर भेजा गया। पुलिस ने बताया कि 'कॉबल बीच गोल्फ कोर्स' ने विमानन इकाइयों और प्राथमिक उपचार व्यवस्था के लिए अपनी सुविधाएं उपलब्ध कराईं। अधिकारियों के अनुसार दोपहर तक सभी लोगों को सुरक्षित रूप से हेलीकॉप्टर के जरिए तट पर वापस लाया गया। उनमें से कुछ मामूली रूप से जख्मी हो गये।



## ऑफ बीट

# औषधीय भांग का इस्तेमाल करने वालों की संख्या बढ़ी

ऑस्ट्रेलिया में चिकित्सक लोगों को पहले से कहीं अधिक औषधीय भांग लेने का परामर्श दे रहे हैं। औषधीय भांग का मतलब कानूनी रूप से निर्धारित भांग उत्पादों से है। ये या तो पौधे ही होते हैं, या पौधे से निकाले गए प्राकृतिक तत्व होते हैं। टेट्राहाइड्रोकैनाबिनोल (टीएचसी) और कैनाबिडियोल (सीबीडी) जैसे तत्वों को कैनाबिनोइड्स कहा जाता है। कुछ कैनाबिनोइड्स प्रयोगशालाओं में भी बनाए जाते हैं और ये पौधे में मौजूद तत्वों की तरह काम करते हैं। औषधीय भांग विभिन्न रूपों में आती है, जैसे तेल, कैप्सूल, सूखे फूल (वाष्पीकरण में इस्तेमाल किए जाने वाले), स्प्रे और खाद्य रूप जैसे 'गमी' आदि। वर्ष 2016 में विनियामक परिवर्तनों के बाद से औषधीय भांग को अधिक सुलभ बनाया गया है। ऑस्ट्रेलिया के नियामक ने 7,00,000 से अधिक अनुमोदन जारी किए हैं इनमें से लगभग आधे अनुमोदन ऐसे पुराने दर्द के लिए हैं जो कैंसर के कारण नहीं है। ऑस्ट्रेलिया में 45 वर्ष या उससे अधिक आयु का पांच में से एक व्यक्ति क्रॉनिक दर्द (पुराने दर्द) से पीड़ित है जिसका लोगों के जीवन पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है।



## ट्रेंड

### बहस से भाग रही कांग्रेस



यह बहुत बुरा है कि कांग्रेस बहस से भाग रही है। स्पीकर के खिलाफ नो-कॉन्फिडेंस मोशन के लिए कांग्रेस के कहने पर एक नोटिस एडमिट किया गया था, जिसे उन्होंने ठीक से ड्राफ्ट भी नहीं किया था। इसे ठीक किया गया और फिर एडमिट किया गया। आज की तारीख तय की गई थी। **-पीयूष गोयल,** केंद्रीय मंत्री

### विपक्ष को हंगामे की आदत



विपक्ष को हंगामा करने की आदत है। वे काम नहीं करना चाहते। आज लोकसभा स्पीकर के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होनी थी, लेकिन उन्होंने यूएस-इजराइल बनाम ईरान विवाद पर चर्चा करने का प्रस्ताव रखा, विवाद पर भारत का रुख साफ है। **-रामदास अठावले,** केंद्रीय मंत्री

### विपक्ष को भरोसे में ले सरकार



हमें वेस्ट एशिया में युद्ध के हालात और फ्यूल की बढ़ती कीमतों के मुद्दे पर चर्चा करने की जरूरत है। यह पार्टी का मामला नहीं है। सरकार को विपक्ष को भी भरोसे में लेना होगा। देश में बढ़ती महंगाई और रसोई गैस पर सरकार अपना रुख स्पष्ट करे। **-केसी वेणुगोपाल,** सांसद, कांग्रेस

### विदेश नीति पर चर्चा जरूरी



अमेरिका यह तय कर रहा है कि हमें किससे तेल खरीदना चाहिए। भारत की विदेश नीति पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। सरकार को इस पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। अमेरिका कौन होता है जो भारत को बताए कि आपको क्या करना है, क्या नहीं। **-अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# दो कदम गौतम आगे आए और दो कदम मैंने उठाए और बीच का रास्ता निकाला: सूर्यकुमार

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

राहुल द्रविड़ के भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के तौर पर अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद तत्कालीन कप्तान रोहित शर्मा ने बताया था कि कैसे उनकी पत्नी इस दिग्गज को उनकी 'काम के स्थल वाली पत्नी' मानती थी।

जब कोई उनके टी20 उत्तराधिकारी सूर्यकुमार यादव को मौजूदा मुख्य कोच गौतम गंभीर के बारे में बात करते हुए देखता है तो यह समीकरण उतना ही सहज और आपसी भरोसे तथा सम्मान पर बना हुआ लगता है जितना रोहित और द्रविड़ के बीच था। जब सूर्यकुमार से गंभीर के साथ उनके रिश्ते के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि मैंने गौतम भाई के साथ चार साल (कोलकाता नाइट राइडर्स में) क्रिकेट खेला है और मुझे पता था कि वह कैसे सोचते हैं। वह दो कदम उठाएंगे, मैं दो कदम उठाऊंगा और हम बीच में कहीं मिलेंगे।'सूर्यकुमार ने कहा कि इन दो वर्षों में दोनों के बीच कभी कोई बहस नहीं हुई और उन्होंने एक आदर्श एकादश तय करने के लिए कभी रातों की नींद नहीं गंवाई।

सूर्यकुमार ने कहा, ' जब से हमने साथ काम करना शुरू किया, जब हम श्रीलंका गए थे, तब से लेकर अब तक मुझे याद नहीं कि कभी किसी खिलाड़ी को लेकर हमारी बहस हुई हो।' कप्तान ने कहा, ' हम बात करते हैं कि हमें किसी खास खिलाड़ी को खिलाना चाहिए या नहीं। हम दोनों हमेशा टीम को जिताने में दिलचस्पी रखते हैं। हम किसी खिलाड़ी को ऐसी स्थिति में कैसे रख सकते हैं, जिससे टीम को फायदा हो सके।'

## खिलाड़ी का हौसला बढ़ाना जरूरी

सूर्यकुमार ने संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा जैसे खिलाड़ियों का जिक्र करते हुए कहा कि मुश्किल दौर का सामना कर रहे खिलाड़ी का हौसला बढ़ाना बहुत जरूरी है और दोनों ने मुश्किल दौर से उबरकर टूर्नामेंट में अहम मौकों पर अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, ' जब कोई अच्छा नहीं कर रहा होता तो आप उसके साथ समय बिताने की कोशिश करते हैं। उसे डिनर पर ले जाते हैं, उससे बात करते हैं क्योंकि ये ऐसे खिलाड़ी हैं, जो सही समय पर आपके लिए कुछ खास करेंगे जैसा अभिषेक ने अभी किया और संजू ने पिछले तीन मैच में किया।' सूर्यकुमार ने कहा, 'अपनी भूमिका निभाना, अपनी जिम्मेदारियों को समझना, सही समय पर मदद करना, जब कोई अच्छा नहीं कर रहा हो तो खिलाड़ी से बात करना। ये मेरे लिए ज्यादा जरूरी है। इसलिए ये सभी चीजें मेरे लिए काफी मायने रखती हैं।'





## हमारा लक्ष्य मिलकर कुछ अच्छा हासिल करना

उन्होंने कहा, 'मुझे शुरू से ही पता था कि हमारी एक-दूसरे से क्या उम्मीदें होंगी। कई बार हमने टीम के बारे में एकादश या 15 खिलाड़ियों के बारे में बात की है कि हमें किसे चुनना है और 14 खिलाड़ी हमेशा एक जैसे रहे हैं।' सूर्यकुमार ने कहा,'अगर सफलता की दर इतनी अधिक है तो हमें इस पर अधिक बात करने की जरूरत नहीं है। हमारा लक्ष्य मिलकर कुछ अच्छा हासिल करना था।' भारतीय कप्तान ने कहा, 'इसलिए हम किसी भी चयन के फैसले को लेकर सहज थे।

## भारत के खिलाफ फाइनल हमेशा चुनौतीपूर्ण : न्यूजीलैंड कप्तान सेंटनर

न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर का मानना है कि भारतीय टीम की जबरदस्त शुरुआत के बाद उनकी टीम हमेशा मुश्किल में थी और बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए सभी चीजें उनके पक्ष में होने की जरूरत थी। चौथी बार विश्व कप फाइनल में खेल रही न्यूजीलैंड की टीम को 96 रन से हार का सामना करना पड़ा, जिससे टीम की सीमित ओवरों के पहले विश्व खिताब की तलाश जारी रही। सेंटनर ने कहा, 'मुझे लगता है कि सेमीफाइनल और फाइनल हारना आदर्श स्थिति नहीं है लेकिन जैसा कि मैंने कुछ दिन पहले कहा था, आप इस स्थिति में आते हैं, आप उन टीम के खिलाफ खेलते हैं, जो बहुत अच्छा क्रिकेट खेल रही हैं।' उन्होंने कहा, 'भारत के खिलाफ भारत में फाइनल हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। हम जानते थे कि मैच से पहले हम निश्चित तौर पर कमजोर टीम माने जाएंगे। उन्होंने कहा, 'और फिर जब आप 250 रन का पीछा कर रहे हों तो सब कुछ ठीक होना चाहिए। और पावरप्ले में विकेट खोना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। मुझे लगता है कि दिन की कहानी यही थी, दो पावर प्ले। मुझे लगता है कि हमने 40 के आस-पास तीन विकेट गंवा दिए और उन्होंने 90 के आसपास कोई विकेट नहीं गंवाया था।'

## खबर संक्षेप



### फ्यूचर्स कप : राधामणि साहिल जीते, उधम बाहर

**बैंकॉक।** भारत की युवा मुक्केबाजी टीम के लिए सोमवार को विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप में मिलाजुला दिन रहा जब राधामणि लोंगजाम और साहिल दुहान ने जीत हासिल की लेकिन उधम सिंह टूर्नामेंट से बाहर हो गए। महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में राधामणि ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उज्बेकिस्तान की अपनी विरोधी को हराया और तीसरे दौर में रैफरी के मुकाबला रोकने (आरएससी) पर जीत दर्ज की। पुरुषों के वर्ग में साहिल (60 किग्रा) ने टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए तुर्कमेनिस्तान के मुक्केबाज को 5-0 के एकमत फैसले से हराकर शानदार जीत हासिल की। उधम सिंह (55 किग्रा) को हालांकि कड़ी टक्कर देने के बावजूद जापान के प्रतिद्वंद्वी खिलाफ कड़े मुकाबले में 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

### जोबर्ग ओपन : शुभंकर संयुक्त 57वें स्थान पर

**जोहानिसबर्ग।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा 'जोबर्ग ओपन' के अंतिम दौर में दो ओवर 72 का



कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 57वें स्थान पर रहे। शुभकर ने दो बर्डी के मुकाबले चार बोगी कर बैठे। उन्होंने इस दौरान तीन बोगी 13वें से 16वें होल के बीच किए।उनका कुल स्कोर एक अंडर पार (66-72-69-72) रहा।जोबर्ग ओपन में अतीत में शुभंकर का प्रदर्शन अच्छा रहा है। उन्होंने यहां पांच टूर्नामेंटों में से चार बार कट हासिल किया है और इसी कोर्स पर 2017 में डीपी वर्ल्ड टूर का अपना पहला खिताब जीता था। इंग्लैंड के डैन ब्रैडबरी ने अंतिम दिन शानदार वापसी करते हुए पांच अंडर 65 का कार्ड खेला और कुल 17 अंडर पार (64-70-64-65) के स्कोर के साथ खिताब अपने नाम किया।

### भारत-न्यूजीलैंड ने खेल संबंध बढ़ाने पर चर्चा की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को न्यूजीलैंड के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक कर 'हाई परफॉर्मेंस' खेलों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की, जिसमें संयुक्त प्रशिक्षण शिविर, कोचों के आदान-प्रदान और खेल विज्ञान, विश्लेषण तथा खिलाड़ी प्रदर्शन प्रणाली की समझ साझा करने पर विशेष जोर दिया गया। मांडविया ने न्यूजीलैंड के खेल प्रतिनिधिमंडल के साथ उच्चस्तरीय मंत्रीस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। दोनों पक्षों के बीच हुई चर्चा में न्यूजीलैंड के कोच विकास ढांचे को राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस), पटियाला के पाठ्यक्रम में शामिल करने की संभावनाओं पर भी विचार किया गया। वर्ष 2026 भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेल संबंधों के 100 वर्ष पूरे होने का प्रतीक होगा। इसकी शुरुआत 1926 में भारतीय सेना की ऐतिहासिक हॉकी टीम के न्यूजीलैंड दौरे से हुई थी, जो दोनों देशों के बीच शुरुआती बड़े खेल संपर्कों में से एक था।

## सैमसन ने टी20 वर्ल्ड कप की 5 पारियों में 80.25 की औसत के साथ बनाए 321 रन

# टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में सिर्फ 3 भारतीय बने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*संजू सैमसन ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 की 5 पारियों में 80.25 की औसत के साथ 321 रन बनाए। इस शानदार प्रदर्शन के लिए सैमसन को 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' के खिताब से नवाजा गया। इसी के साथ सैमसन टी20 वर्ल्ड कप में यह पुरस्कार जीतने वाले तीसरे भारतीय बन गए हैं। इस पुरस्कार को जीतने वाले सभी भारतीय खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं।*

### विराट कोहली



दिग्गज बल्लेबाज ने टी20 वर्ल्ड कप 2014 और 2016 में 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का खिताब अपने नाम किया था। वह इकलौते ऐसे भारतीय हैं, जिन्होंने दो बार यह पुरस्कार अपने नाम किया है। कोहली टी20 वर्ल्ड कप 2014 में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, जिन्होंने 106.33 की औसत के साथ 319 रन बनाए। इस दौरान कोहली के बल्ले से 10 छक्के और 24 चौके निकले। इसके बाद साल 2016 में भी कोहली ने इस पुरस्कार को अपने नाम किया। विराट कोहली ने टी20 वर्ल्ड कप 2016 में कुल 5 मैच खेले, जिसमें 136.50 की औसत के साथ 273 रन बनाए। वह उस संस्करण में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे पायदान पर रहे थे।

### जसप्रीत बुमराह



भारत ने जसप्रीत बुमराह की धारदार गेंदबाजी के साथ टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब अपने नाम किया। उस संस्करण में बुमराह ने 8 मुकाबले खेलते हुए कुल 29.4 ओवर गेंदबाजी की। इस दौरान बुमराह ने 124 रन देकर 15 विकेट हासिल किए। हालांकि, अर्शदीप सिंह 17 विकेट लेकर उस संस्करण में सर्वाधिक विकेट हासिल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में बुमराह से एक पायदान ऊपर थे, लेकिन डेथ ओवर्स में शानदार प्रदर्शन के साथ बुमराह ने 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का खिताब अपने नाम किया।

### संजू सैमसन



साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के दौरान दाएं हाथ के इस खिलाड़ी का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। टी20 वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआती दो पारियों में सैमसन 22 रन और 24 रन ही बना सके थे। कुछ दिग्गज प्लेइंग इलेवन में उनकी जगह पर ही सवाल खड़े करने लगे थे, लेकिन इसके बाद सैमसन ने खुद को साबित किया। संजू सैमसन ने वेस्टइंडीज के विरुद्ध निर्णायक सुपर-8 मैच में 97 रन की नाबाद पारी खेली, जिसने भारत को सेमीफाइनल का टिकट दिलाया। नॉकआउट मैच में सैमसन ने इंग्लैंड के खिलाफ 89 रन बनाकर भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

### ट्रॉफी की पूरी तरह से हकदार भारतीय टीम: सचिन



महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने भारत को 'पूरी तरह से जीत का हकदार' बताया जबकि इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने उन्हें 'सीमित ओवरों की सर्वश्रेष्ठ टीम' का तमगा किया। क्रिकेट जगत ने इस तरह से भारतीय टीम की ऐतिहासिक तीसरी टी20 विश्व कप खिताबी जीत को सराहा। तेंदुलकर ने टीम के प्रदर्शन की सराहना की और मुंबई में अपने घर के बाहर जश्न की एक झलक साझा की। तेंदुलकर ने लिखा, 'लगातार दो बार विश्व कप जीतना, पहली बार किसी टीम ने टी20 प्रारुप में ऐसा किया है। ट्रॉफी के पूरी तरह से हकदार। हमारी टीम ने क्या शानदार प्रदर्शन किया और क्रिकेट का एक खास ब्रांड दिखा। बहुत बढ़िया, टीम इंडिया। जय हिंद!''

### हमारे जबरदस्त क्रिकेट का कोई मुकाबला नहीं: कोहली



पूर्व कप्तान विराट कोहली ने टीम के जज्बे और दबदबे की तारीफ की। कोहली ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'अहमदाबाद में टीम इंडिया की जबरदस्त जीत। पूरे टूर्नामेंट में हमारे खेले गए जबरदस्त क्रिकेट का कोई मुकाबला नहीं था। मुश्किल हालात में लड़ते रहने और एक बार फिर विश्व चैंपियन बनने के लिए लड़कों ने शानदार जज्बा दिखाया।' उन्होंने लिखा,'यह कामयाबी हासिल करने के लिए सभी खिलाड़ियों और प्रबंधन के सभी सदस्यों को बधाई।'

### जीत भारतीय क्रिकेट की ताकत दिखाती है: गांगुली



भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा कि यह जीत हर स्तर पर भारतीय क्रिकेट की ताकत दिखाती है। गांगुली ने पोस्ट किया, ''टी20 विश्व कप जीतने के लिए भारत को बधाई... बहुत मजबूत टीम... बड़े मुकाबलों में बेहतर हुई... भारतीय क्रिकेट शानदार जगह पर है। महिला चैंपियन, अंडर-19 चैंपियन और अब पुरुष टी20 चैंपियन।''

### भारत को हराना मुश्किल था : डेरेन सैमी



वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डेरेन सैमी ने कहा कि पूरे टूर्नामेंट में भारत को हराना मुश्किल था। सुपर आठ में भारत के खिलाफ हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर हुई वेस्टइंडीज के मुख्य कोच सैमी ने लिखा, 'जैसा कि मैं पहले दिन से कह रहा था। आईसीसी टी20 विश्व कप जीतने के लिए आपको भारत को नॉकआउट में हराना होगा। किसी भी टीम ने ऐसा नहीं किया। बीसीसीआई को उनके तीसरे विश्व टी20 खिताब के लिए बधाई।

### कोच साहब आपकी मुस्कान बहुत अच्छी: धोनी



महान क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को सोशल मीडिया पर फिर से सक्रिय कर दिया और उन्होंने इस मौके का फायदा उठाते हुए मुख्य कोच गौतम गंभीर को बताया कि उनके गंभीर चेहरे पर मुस्कान कितनी अच्छी लगती है। धोनी ने इंस्टाग्राम पर पिछला पोस्ट 2024 में किया था।

## एएफसी महिला एशियाई कप

# चीनी ताइपे के खिलाफ करो या मरो के मुकाबले के लिए तैयार भारत



एजेंसी ▶▶| सिडनी

भारतीय महिला फुटबॉल टीम एएफसी महिला एशियाई कप में मंगलवार को खेले जाने वाले ग्रुप-सी के अपने आखिरी मुकाबले में चीनी ताइपे के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो टूर्नामेंट में बने रहने के लिए उसे हर हाल में जीत दर्ज करना होगा। भारत फिलहाल दो मैचों में शून्य अंक के साथ ग्रुप में चौथे और आखिरी स्थान पर है।

टीम को पहले मैच में वियतनाम से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था, जबकि दूसरे मैच में जापान ने उसे 11-0 से हराया था। जापान दो मैचों में छह अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है, जबकि चीनी ताइपे और वियतनाम तीन-तीन अंकों के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। अब तक खराब प्रदर्शन के बावजूद भारतीय टीम के पास क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का मौक बरकरार है। भारतीय टीम को इसके लिए चीनी ताइपे को कम से कम दो गोल के अंतर से हराना होगा और साथ ही मंगलवार को होने वाले दूसरे मैच में जापान को वियतनाम को हराना होगा। टूर्नामेंट के तीनों ग्रुप से शीर्ष दो टीमें और तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीमें अंतिम आठ में जगह बनाएंगी।

### नतीजों को पीछे छोड़कर आगे बढ़ने की जरूरत: मुख्य कोच

भारत की मुख्य कोच अमेलिया वाल्वेर्दे ने कहा कि टीम को पिछले दो मैचों के नतीजों को पीछे छोड़कर आगे बढ़ने की जरूरत है।उन्होंने कहा, वियतनाम और जापान के खिलाफ दोनों मैच एक-दूसरे से बिल्कुल अलग थे। सबसे पहले हमें जो हुआ उसे जल्दी से पीछे छोड़ना होगा। हमें इस मैच के लिए अच्छी तैयारी करनी है और इसमें कोई संदेह नहीं है। भारतीय कोच ने कहा, 'हमें इस मैच के महत्व का पूरा एहसास है। हम पिछले मुकाबले को पीछे छोड़ चुके हैं और अब हमारे सामने यह मौका है, जिसे हमें पूरी गंभीरता के साथ लेना होगा।'

### हमारे लिए एक बड़ा मौका : शिल्की देवी

भारत की मिडफील्डर शिल्की देवी हेमाम ने भी कहा कि टीम पिछले मैच से सबक सीखा कर अपना सर्वश्रेष्ठ करने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा, 'हमने पिछले मैच से काफी कुछ सीखा है और मुझे लगता है कि चीनी ताइपे के खिलाफ यह मैच हमारे लिए खास होगा। यह हमारे लिए एक बड़ा मौका है और हमें इसका पूरा फायदा उठाना होगा।'' चीनी ताइपे के लिए स्थिति अपेक्षाकृत आसान है। नॉकआउट चरण में पहुंचने के लिए उनके लिए ड्रॉ भी पर्याप्त होगा।

# एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर स्कॉटलैंड ने भारत को 2-2 की बराबरी पर रोका

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद



भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर के पूल बी के अपने दूसरे मैच में सोमवार को यहां स्कॉटलैंड के खिलाफ कड़े मुकाबले में 2-2 से ड्रॉ खेला। इस परिणाम के साथ भारत और स्कॉटलैंड दोनों के नाम चार-चार अंक हो गए हैं। भारत हालांकि बेहतर गोल अंतर के कारण पूल तालिका में शीर्ष पर है। जी.एम.सी. बालायोगी हॉकी मैदान पर खेले गए मैच में नवनीत कौर (18वें मिनट) और सुनेलिता टोप्पो (29वें मिनट) ने भारत के लिए गोल किए, जबकि हीथर मैकएवान (छठे मिनट) और फियोना बर्नेट (33वें मिनट) ने स्कॉटलैंड के लिए गोल दागे। मैच की शुरुआत में दोनों टीमों ने धैर्यपूर्वक पासिंग गेम खेलने की कोशिश की, लेकिन इस दौरान स्कॉटलैंड के खिलाड़ियों ने बेहतर तालमेल दिखाया। मैच के छठे मिनट में भारतीय रक्षापंक्ति की चूक का स्कॉटलैंड ने फायदा उठाया और मैकएवान ने गोल करके अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। भारत ने लगातार आगे बढ़कर हमले किए। लालरेम्सियामी ने भारत के लिए पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन उदिता का ड्रैग-फ्लिक शॉट लक्ष्य से बाहर चला गया। भारत ने दबाव बनाए रखा और 14वें मिनट में दूसरा पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। लेकिन एक चूक के कारण स्कॉटलैंड को जवाबी हमला करने का मौका मिल गया, जिसे सुशीला ने रोका। दूसरे क्वार्टर में भारत ने जल्दी ही नियंत्रण हासिल कर लिया। 17वें मिनट में उन्हें तीसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला।

## इंडियन वेल्स मास्टर्स

# प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे भाम्बरी-गोरान्सन

एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स

भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी युकी भाम्बरी और स्वीडन के उनके जोड़ीदार आंद्रे गोरान्सन ने इंडियन वेल्स मास्टर्स टेनिस में डेविड पेल और फैब्रिस मार्टिन की जोड़ी के खिलाफ सीधे सेटों में आसान जीत के साथ अंतिम-16 में अपनी जगह पक्की की। भारत और स्वीडन की गैरवरीयता प्राप्त जोड़ी ने एटीपी 1000 टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांस और नीदरलैंड की जोड़ी की सर्विस को पांच बार तोड़ते हुए 6-1 6-3 से आसान जीत दर्ज की।

भाम्बरी और गोरान्सन ने अपने प्रतिद्वंदियों के तीन ऐस के मुकाबले पांच ऐस लगाए। पेल और मार्टिन ने 66 मिनट के इस मुकाबले में छह



'डबल फॉल्ट' किए। भाम्बरी और गोरान्सन का सामना अब सैंडर एरेंड्स और जिरी लेहेका की अनुभवी जोड़ी से होगा, जिन्होंने दूसरी वरीयता प्राप्त ब्रिटेन की जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल की जोड़ी को हराया था।

## दुबई में हुए अनुभव के कारण सिंधू रही काफी तनाव में

# सिंधू नहीं खेलेंगी स्विस ओपन, श्रीकांत-प्रणय संभालेंगे चुनौती

एजेंसी ▶▶| बासेल

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू दुबई में तीन दिन फंसने के तनाव से अभी उबरी नहीं है लिहाजा वह स्विस ओपन नहीं खेलेंगी जबकि एचएस प्रणय और किदाम्बी श्रीकांत 250000 डॉलर ईनामी राशि के टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती पेश करेंगे।

ईरान पर अमेरिका और इस्त्राइल की बमबारी और ईरान की जवाबी कार्रवाई के चलते खाड़ी में हवाई क्षेत्र पाबंदियों के कारण सिंधू तीन दिन दुबई में फंसी रही और आल इंग्लैंड चैंपियनशिप से नाम वापिस लेना पड़ा। भारतीय बैडमिंटन संघ के सचिव संजय मिश्रा ने कहा,' वह स्विस ओपन नहीं खेलेगी। हमें पता है कि दुबई में उनका अनुभव क्या रहा। वह बर्मिंघम नहीं जा सकी थी। उन्हें इससे उबरने में कुछ समय लगेगा। भारत लौटने के बाद सिंधू ने स्वीकार किया था कि दुबई में हुए अनुभव के कारण वह काफी तनाव में रही और उम्मीद है कि यह इस तरह का पहला और आखिरी अनुभव रहे। अब वह अप्रैल में बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के जरिए ही वापसी करेंगी।

### श्रीकांत पहले दौर में गुनावान से भिड़ेंगे

पुरुष एकल में श्रीकांत का सामना पहले दौर में जैसन गुनावान से होगा। श्रीकांत पिछले साल मलेशिया मास्टर्स और सैयद मोदी इंटरनेशनल के फाइनल में पहुंचे थे। विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता प्रणय पहले दौर में जापान के कोकी वातानाबे से खेलेंगे। तरुण मन्नेपल्ली की टक्कर जापान के केंता निशिमोतो से होगी जबकि आयुष शेट्टी का सामना कनाडा के ब्रायन यांग से होगा। किरण जॉर्ज सिंगापुर के लोह कीन यू से खेलेंगे।



### उन्नति का सामना चियान से

पुरुष युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का सामना सिंगापुर के एंग कीट वेसले को और जुंसुके कुबो से होगा । हरिहरन ए और एम आर अर्जुन चीनी ताइपै के चेन झि रे और लिन यू चियेह से खेलेंगे । महिला एकल में उन्नति हुड्डा का सामना चीनी ताइपै की चियू पिन चियान से होगा जबकि मालविका बंसोड़ थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से खेलेंगी। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद चीनी ताइपै की हू लिंग फांग और झेंग यू चियेह से खेलेंगी।




1 यूएनएससी की पी-5 में हैं रूस, चीन, अमेरिका ब्रिटेन और फ्रांस

2 रूस ने कहा अंतरराष्ट्रीय कानून का अस्तित्व ही खत्म हो चुका है

# पुतिन के प्रवक्ता बोले- 'पी-5' की बैठक कर तत्काल तय करें दुनिया कानून से चलेगी या ताकत से चलाई जाएगी

रूस ने कहा है कि ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमले के बाद पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय कानून निष्प्रभावी हो गए हैं। उसने यूएनएससी के पांच स्थायी सदस्यों का शिखर सम्मेलन बुलाने के राष्ट्रपति पुतिन के प्रस्ताव पर अमल करने का आह्वान किया



ये चित्र 15 अक्टूबर 2023 का, उस वक्त लिया गया था जब लेबनान के एक गांव में इजराइली सेना ने व्हाइट फॉस्फोरस बम बरसाया था। ऐसे ही बम बरसाने का आरोप एक बार फिर लगा है।

ईरान ने ट्रंप को सुनाई खरी खरी

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

मिडिल ईस्ट में जारी जंग के बीच रूस ने कहा है कि ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमले के बाद पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय कानून निष्प्रभावी हो गए हैं। उसने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी ) के पांच स्थायी सदस्यों (पी-5) का शिखर सम्मेलन बुलाने के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रस्ताव पर अमल करने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि तत्काल इस सम्मेलन में तय करें कि दुनिया कानून से चलेगी या ताकत के बल पर चलाई जाएगी। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि मौजूदा वैश्विक स्थिति पुतिन के उस प्रस्ताव पर फिर से विचार करने की आवश्यकता को रेखांकित करती है, जो उन्होंने कोविड-19 महामारी से पहले दिया था, जिसमें वैश्विक सुरक्षा और स्थिरता पर चर्चा करने के लिए पी-5 (रूस, अमेरिका, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन) के शिखर सम्मेलन का आह्वान किया गया था। पेस्कोव ने एक इंटरव्यू में कहा कि हम सबने अंतरराष्ट्रीय कानून नाम की चीज खो दी है... मुझे तो यह भी समझ नहीं आता कि किसी से अंतरराष्ट्रीय कानून के नियमों और सिद्धांतों का पालन करने की उम्मीद कैसे की जा सकती है। असल में, अंतरराष्ट्रीय कानून का अस्तित्व ही खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून कानूनी तौर पर मौजूद हैं, लेकिन अब वास्तविक रूप से नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हम किसी को यह नहीं बता सकते कि अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करो, किस कानून का पालन करो? आज कोई भी यह परिभाषित नहीं कर सकता कि वह कानून क्या है। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमले के बाद तनाव में हुई तीव्र वृद्धि का जिक्र करते हुए पेस्कोव ने कहा कि क्षेत्र में स्थिति काफी हद तक अस्थिर हो गई है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र काफी हद तक अस्थिर हो गया है, और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय संघर्षों और अनसुलझे मुद्दों के संचयी प्रभाव के परिणामस्वरूप आर्थिक और राजनीतिक दोनों तरह के परिणाम सामने आ रहे हैं।

## अमेरिका को योजना स्पष्ट करना चाहिए



इस बीच, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि अमेरिका को अपनी व्यापक योजनाओं को स्पष्ट करना चाहिए और यह बताना चाहिए कि वे मौजूदा अंतरराष्ट्रीय मानदंडों से कैसे संबंधित हैं। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा कि हम अक्सर इस बारे में बात करते हैं कि हम किस तरह की दुनिया में रहते हैं, इसे परिभाषित करना चाहते हैं। हमारा मानना है कि अमेरिका को अपनी योजनाओं और यह सब पहले से परिभाषित मानदंडों से कैसे संबंधित है, इस बारे में स्पष्टीकरण देना चाहिए।

रूस ने कहा माहौल इतना खराब है कि कानूनों का पालन होना कठिन लगता है

पूछा-क्या ऐसे ही बे-लगाम होकर लोग चलेंगे तो फिर अस्तित्व कैसे बचेगा?

## कभी इजराइल को गुप्त तरीके से तेल भेजता था ईरान



एआई इमेज

आज ईरान और इजराइल के बीच दोनों देश कट्टर दुश्मन के रूप में आमने-सामने खड़े हैं, लेकिन इतिहास का यह अध्याय याद दिलाता है कि कभी तेल की जरूरत ने उन्हें एक ही मेज पर बैठने के लिए मजबूर कर दिया था। दोनों देश तेल के कारोबार में सीक्रेट पार्टनर बन गए थे। यह कहानी उस दौर की है, जब राजनीतिक दुश्मनी पर आर्थिक जरूरतें ज्यादा भारी पड़ गई थीं। उसी समय, जून 1967 में एक युद्ध हुआ। युद्ध की शुरुआत तब हुई जब इजराइल ने मिस्र के हवाई ठिकानों पर अचानक हमला कर दिया। इसके बाद लड़ाई तेजी से फैल गई और सिर्फ छह दिनों में इजराइल ने सिनाई प्रायद्वीप, गाजा पट्टी, पश्चिमी तट , पूर्वी यरूशलम और गोलान हाइट्स जैसे महत्वपूर्ण इलाकों पर कब्जा कर लिया। यह परियोजना छोटी नहीं थी। इलात-अश्केलोन पाइपलाइन लगभग 254 किलोमीटर लंबी और 42 इंच चौड़ी थी। इसके जरिए तेल लाल सागर से भूमध्य सागर तक पहुंचाया जाता था। हालांकि इतनी बड़ी परियोजना दुनिया की नजरों से ज्यादा समय तक छिपी नहीं रह सकी। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए की 25 अप्रैल 1968 की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि इस पाइपलाइन के लिए बड़े पैमाने पर तेल का स्रोत ईरान ही होगा।

## ईरान के खिलाफ सीधी जंग में उतरा तुर्की, समंदर में गिराई मिसाइल

ईरान जंग में तुर्की ने एक्टिव रूप से एंट्री ले ली है। तुर्की ने ईरान की ओर से आ रहे एक बैलेस्टिक मिसाइल को पूर्वी भूमध्यसागर में ही मार गिराया है। तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने ईरान को चेतावनी दी है कि वे इलाके की सुरक्षा और आम लोगों को खतरे में डालने वाले कदम न उठाएं। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हम याद दिलाते हैं कि इस मामले में तुर्की की चेतावनियों को मानना सभी के हित में है। तुर्की को मिलने वाले खतरों के खिलाफ हम सभी जरूरी कदम बिना किसी झिझक के उठाए जाएंगे। लेकिन उत्तरी साइप्रस तुर्की के नियंत्रण में है। उत्तरी साइप्रस में ही तुर्की ने एफ-16 तैनात किया है। तुर्की को डर सता रहा है कि ईरान की ओर से या ईरान की समर्थक ताकतें यहां हमला कर सकती हैं। इससे पहले तुर्की ने ईरान को चेतावनी दी कि कोई मिसाइल उसके हवाई क्षेत्र के पास न गिरे, लेकिन ईरान ने इसे नजरअंदाज किया। इससे दोनों के बीच आरोप-प्रत्यारोप बढ़े। इसके बाद तुर्की ने उत्तरी साइप्रस में फाइटर जेट्स और एयर डिफेंस सिस्टम तैनात कर दिए हैं।

## इजराइल पर लगा जंग में मांस गला देने वाले व्हाइट फॉस्फोरस बम के इस्तेमाल का आरोप

ह्यूमन राइट्स वॉच ने सात तस्वीरों को जियोलोकेट और वेरिफाई करके कहा कि इजराइल ने दक्षिणी लेबनान के योहमोर गांव के रिहायशी इलाकों में आर्टिलरी का इस्तेमाल करके व्हाइट फॉस्फोरस दागा। यह तब हुआ जब इजराइली सेना ने गांव के लोगों और दक्षिणी लेबनान के दर्जनों दूसरे लोगों को खाली करने की चेतावनी दी थी। ह्यूमन राइट्स वॉच ने कहा कि वह खुद से यह पता नहीं लगा सका कि इलाके में अभी भी कोई रहने वाला है या किसी को नुकसान हुआ है। सफेद फॉस्फोरस एक खतरनाक रासायनिक पदार्थ है। यह मोम जैसा पीला या सफेद दिखता है और लहसुन जैसी गंध वाला होता है। यह हवा में ऑक्सीजन के संपर्क में आने पर खुद-ब-खुद जलने लगता है और 815 डिग्री सेल्सियस तक का तापमान पैदा करता है। कल्पना कीजिए 50 से 60 डिग्री का तापमान ही मनुष्य का शरीर बर्दाश्त नहीं कर सकता है। जब सफेद फॉस्फोरस मानव शरीर पर गिरता है तो गंभीर प्रभाव होते हैं। यह त्वचा को गहराई तक जला देता है, हड्डियों तक पहुंच सकता है और दर्दनाक घाव बनाता है जो ठीक होने में मुश्किल होते हैं। सफेद फॉस्फोरस के जलने से निकला धुआं सांस में जाकर फेफड़ों को नुकसान पहुंचाता है। सांस लेने में तकलीफ होती है और ये मौत का कारण बन सकता है। ह्यूमन राइट्स के सपोर्टर्स का कहना है कि इंटरनेशनल कानून के तहत व्हाइट फॉस्फोरस का इस्तेमाल गैर-कानूनी है। जब आबादी वाले इलाकों में इस गर्म केमिकल को फेंका जाता है तो इससे इमारतों में आग लग सकती है और इंसानी शरीर की हड्डियां तक जल सकती हैं।

## अमेरिका ईरान को बांटकर तेल हथियाना चाहता है: ईरान के विदेश मंत्री बघाई



ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता बघाई ने अमेरिका पर ईरान के तेल संसाधनों पर कब्जा करने की साजिश का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनकी योजना साफ है, उनका मकसद बिल्कुल स्पष्ट है- वे हमारे देश को बांटकर हमारी तेल संपदा पर अवैध कब्जा करना चाहते हैं। बघाई ने आगे कहा कि उनका उद्देश्य हमारी संप्रभुता का उल्लंघन करना, हमारी जनता को पराजित करना और हमारी मानवीय गरिमा को कुचलना है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता बघाई ने कहा है कि ईरान क्षेत्र के देशों के साथ अच्छे और मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखने के लिए दृढ़संकल्पित है, भले ही युद्ध शुरू होने के बाद से इनमें से कई देशों पर ईरानी मिसाइलों और ड्रोन से हमले किए गए हों।

## खबर संक्षेप

### टैगोर की लघुकथा 'शास्ति' पर फिल्म



**कराची।** पाकिस्तानी निर्माता आबिद मर्चेंट ने नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर की 1893 की लघुकथा 'शास्ति' (सज़ा) पर आधारित एक अंतरराष्ट्रीय फिल्म शुरु की है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना में पाकिस्तान, बांग्लादेश, अमेरिका, ब्रिटेन, हांगकांग और ऑस्ट्रेलिया के फिल्म पेशेवर शामिल होंगे। फिल्म का निर्देशन बांग्लादेशी फिल्मकार लीसा गाजी करेंगी, जिन्हें उनकी 2025 की फिल्म ए हाउस नेम्ड शाहाना के लिए जाना जाता है। मर्चेंट ने बताया कि वह अपनी संस्था सनात इनिशिएटिव के बैनर तले इस फिल्म का निर्माण करेंगे। फिल्म में बांग्लादेश की दो प्रमुख अभिनेत्रियाँ पोरी मोनी और चंचल चौधरी मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म को लेकर पाकिस्तान से भारत तक चर्चा होना शुरु हो गई है। आने वाले समय में तय होगा कि इस फिल्म को लोग कितना पसंद करते हैं या नहीं।

इजराइल-ईरान जंग पर भारत की कड़ी नजर, संसद में केंद्र सरकार ने रखी टू द पॉइंट अपनी बात

## बातचीत से हल निकलेगा, हम शांति के पक्ष में हैं, सरकार ने हालात पर नजर रखने के लिए स्पेशल कंट्रोल रूम भी बनाया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद में केंद्र सरकार ने सोमवार को पश्चिम एशिया के तनाव पर आधिकारिक बयान दिया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्यसभा में इजराइल-ईरान युद्ध पर बयान देते हुए कहा कि खाड़ी देशों में हालात चिंताजनक हैं और भारत शांति के पक्ष में है। संसद में पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्यसभा में बयान देते हुए कहा कि 28 फरवरी से क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है और खाड़ी के कई देशों में हालात चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और वहां रह रहे भारतीयों की सुरक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस मुद्दे पर सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक में भी विस्तार से चर्चा की गई थी और सभी संबंधित विभागों को जरूरी निर्देश दिए गए हैं। विदेश मंत्री ने कहा, पश्चिम एशिया में हो रहे घटनाक्रम सभी के लिए गहरी चिंता का विषय हैं और भारत का मानना है कि किसी भी विवाद का समाधान संवाद और कूटनीतिक प्रयासों से ही निकाला जाना चाहिए। सरकार ने हालात पर नजर रखने के लिए एक स्पेशल कंट्रोल रूम भी बनाया है जो क्षेत्र में मौजूद भारतीयों से संपर्क बनाए रखने और उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का काम कर रहा है। भारत ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि वह क्षेत्र में शांति और स्थिरता का समर्थक है और तनाव कम करने के लिए सभी पक्षों के बीच बातचीत को जरूरी मानता है।

समाधान के लिए बातचीत और विचार-विमर्श किया जाना चाहिए

संयम बरतने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी वकालत की

### भारतीय दूतावास और राजनयिक दिन-रात कर रहे काम

उन्होंने यह भी बताया कि ईरान में फंसे भारतीय छात्रों को दूतावास के जरिए मदद दी गई और उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के लिए वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल किया गया। कई छात्रों को आर्मेनिया के रास्ते भारत लाने की व्यवस्था की गई। विदेश मंत्री ने कहा कि संकट के समय भारतीय दूतावास और राजनयिक मिशन दिन-रात काम कर रहे हैं ताकि जरूरतमंद भारतीयों तक मदद पहुंचाई जा सके। राज्यसभा में बयान के दौरान उन्होंने कहा कि कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन समेत खाड़ी क्षेत्र के कई देशों में भारत सक्रिय रूप से संपर्क बनाए हुए है। जिन भारतीयों को सहायता की जरूरत है, उनके लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी खाड़ी देशों के नेताओं से बातचीत की है और राजनयिक माध्यमों से लगातार संवाद जारी है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में ईरान के शीर्ष नेतृत्व से संपर्क करना स्वाभाविक रूप से कठिन है। हालांकि उन्होंने ईरान के विदेश मंत्री से बातचीत की है।

### खाड़ी देशों में करीब 1 करोड़ भारतीय

जयशंकर ने बताया कि खाड़ी देशों में करीब 1 करोड़ भारतीय रह रहे हैं। हम भारतीयों से लगातार संपर्क में है। उनके मुताबिक इस पूरे क्षेत्र में करीब एक करोड़ भारतीय रहते हैं और सरकार उनकी सुरक्षा और मदद के लिए पूरी तरह सक्रिय है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव का असर आम जीवन और व्यापार पर भी पड़ा है।

### युद्धपोत के डॉकिंग के लिए ईरान ने किया धन्यवाद

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के बीच भारत ने ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस लवन को कोच्चि बंदरगाह पर डॉक करने की अनुमति दी। इसे लेकर ईरान ने भारत के प्रति आभार व्यक्त किया है। ईरान ने भारत के इस कदम को "मानवीय" बताया। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्यसभा में अपने संबोधन के दौरान इसकी जानकारी दी। पश्चिम एशिया संघर्ष में बदलते हालात पर राज्यसभा में जयशंकर ने कहा कि मौजूदा हालात में ईरान के साथ उच्च स्तरीय संपर्क बनाए रखना मुश्किल रहा है।




## सेशेल्स में शुरू हुआ भारत और सेशेल्स संयुक्त सैन्य अभ्यास 'लामितिये-2026'

**नई दिल्ली।** भारतीय सशस्त्र बलों का एक दल सेशेल्स रक्षा बलों के साथ आयोजित होने वाले संयुक्त सैन्य अभ्यास 'लामितिये-2026' के 11वें संस्करण में भाग लेने के लिए सेशेल्स पहुंच गया है। यह संयुक्त अभ्यास 9 से 20 मार्च 2026 तक सेशेल्स रक्षा अकादमी में आयोजित किया जा रहा है। क्रियोल भाषा में 'लामितिये' का अर्थ 'मित्रता' होता है। यह द्विवार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम वर्ष 2001 से सेशेल्स में आयोजित किया जा रहा है। इस संस्करण में भारतीय सशस्त्र बलों की भागीदारी को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। संयुक्त सैन्य अभ्यास में असम रेजिमेंट के जवानों के साथ भारतीय नौसेना और वायु सेना के कर्मी भी शामिल हैं। इसके अलावा भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस त्रिकंद और भारतीय वायु सेना का सी-130 विमान भी इस अभ्यास का हिस्सा हैं।

## सुप्रीम कोर्ट में याचिका, प्याज से हुआ तलाक, इसे तामसिक बताएं

सुप्रीम कोर्ट का इनकार, पांच याचिकाएं खारिज कीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में एक वकील ने पांच जनहित याचिका फाइल की। इनमें से एक में कहा गया था कि प्याज और लहसुन में तामसिक या नेगेटिव एनर्जी होती है। इसकी वजह से एक तलाक भी हो चुका है। इस पर सोमवार को सुनवाई करते हुए सीजेआई सूर्यकांत ने एडवोकेट सचिन गुप्ता को फटकार लगाई। सीजेआई ने पूछा- आधी रात को ये सब पिटीशन ड्राफ्ट करते हो क्या? बेंच ने वकील की पांचों याचिका अस्पष्ट, फालतू और बेबुनियाद बताकर खारिज कर दीं। टीशनर ने जवाब दिया कि यह एक आम मुद्दा है और दावा किया कि गुजरात में खाने में प्याज के इस्तेमाल को लेकर कथित तौर पर एक तलाक हुआ था। सीजेआई बोले- आप जैन समुदाय की भावना को ठेस पहुंचाना चाहते हैं प्याज और लहसुन से संबंधित पिटीशन में जैन समुदाय के खाने-पीने के तरीकों का जिक्र था, जो पारंपरिक रूप से प्याज, लहसुन और जड़ वाली सब्जियों को तामसिक खाना मानते हुए उनसे परहेज करते हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28